रविवार, 26 अप्रैल 2026

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 34 |
| आर्द्रता | 80% |
| सूर्योदय: 05:08 | सूर्यास्त: 18:00 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



देवघर में झारखंड एटीएस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया, अमेरिका निर्मित पिस्तौल बरामद पृष्ठ 2

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार,पांच और छः पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : सुन्दरता का सबसे बड़ा रहस्य है कि दिल से आती है और दिल में रहती है।

## भारत का भविष्य आज के छात्रों और युवाओं के हाथों में है: प्रधान न्यायाधीश

**भिवानी :** प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि भारत का भविष्य आज के छात्रों और युवाओं के हाथों में है। उन्होंने उनसे मजबूत चरित्र विकसित करने, ज्ञान प्राप्त करने और जिम्मेदार नागरिक बनने का आग्रह किया ताकि देश को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचने में मदद मिल सके। भिवानी स्थित चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि केवल अकादमिक डिग्रियां ही सफलता का आधार नहीं होतीं। उन्होंने कहा, इसे अनुशासन, लगन, समय का सदुपयोग और सीखने की निरंतर इच्छा के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने छात्रों से चुनौतियों का सामना करने में सकारात्मक रुख अपनाने का आह्वान किया।

# बंगाल में सत्ता में आने पर भाजपा की शीर्ष प्राथमिकता महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की होगी: शाह

**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल की सत्ता में आती है, तो महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उद्योगों को वापस लाना और राज्य को ''घुसपैठियों से मुक्त'' बनाना उनकी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की पहली प्राथमिकता होगी। हावड़ा में एक रोड शो के दौरान जब शाह से पूछा गया कि यदि भाजपा राज्य में सरकार बनाती है, तो वह सबसे पहले क्या काम करेगी तो उन्होंने कहा, सबसे पहले, हम महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, उद्योगों को वापस लाएंगे और हम बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करेंगे।''



हावड़ा के शिवपुर में भाजपा प्रत्याशी रुद्रनिल घोष के समर्थन में रोड शो करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

तृणमूल कांग्रेस के इस दावे पर कि पहले चरण के मतदान में उच्च मतदान प्रतिशत एसआईआर कवायद के खिलाफ जनता के गुस्से को दर्शाता है, शाह ने कहा, चार मई को, जिस दिन परिणाम घोषित होंगे, सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा। राज्य की 152 विधानसभा सीट पर बृहस्पतिवार को हुए पहले चरण के मतदान में लगभग 93 प्रतिशत मतदान दर्ज होने के बाद उन्होंने यह टिप्पणी की। दूसरे और अंतिम चरण में होने वाले शेष 142 सीट के मतदान को लेकर उनकी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, हम मतदान समाप्त होने के बाद इस बारे में बात करेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा।

## पूरा केंद्रीय मंत्रिमंडल और 19 मुख्यमंत्री भी भाजपा को बंगाल चुनाव नहीं जिता पाएंगे : ममता बनर्जी



भवानीपुर में पदयात्रा करतीं सीएम ममता बनर्जी

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय पार्टी को हराने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है, क्योंकि लगभग पूरा केंद्रीय मंत्रिमंडल और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री बंगाल में डेरा डाले हुए हैं। हुगली जिले के उत्तरपाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने भाजपा पर राज्य के बाहर कार्यरत पश्चिम बंगाल के प्रवासी श्रमिकों से झूठे वादे करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा, ''भाजपा हताश है, पश्चिम बंगाल में 50 हेलीकॉप्टर भेजे गए हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री से लेकर गृह मंत्री, रेल मंत्री और रक्षा मंत्री तक लगभग पूरा केंद्रीय मंत्रिमंडल, साथ ही राजग शासित 19 राज्यों के मुख्यमंत्री, एक ही राज्य – पश्चिम बंगाल में डेरा डाले हुए हैं।'' उन्होंने कहा कि इसकी तुलना तृणमूल द्वारा राज्य भर में चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे केवल तीन हेलीकॉप्टरों से करें, लेकिन यह सारा शोर–शराबा और हंगामा चार मई को फीका पड़ जाएगा। बनर्जी ने कहा, ''इसके अलावा, हम जहां भी जा रहे हैं, हमें केंद्रीय बलों की मौजूदगी दिखाई दे रही है। वे बख्तरबंद वाहन ला रहे हैं, जिनका उपयोग उन जगहों पर नहीं किया जा रहा है ,जहां उनकी आवश्यकता है।'' प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वह (नरेन्द्र मोदी) हुगली नदी पर एक पूर्व–निर्धारित नौका विहार पर गए थे, जो सेना द्वारा आयोजित था। बनर्जी ने कहा, आपने कहा कि हम आपके झालमुड़ी खाने से नाराज थे, लेकिन हमें पता था कि आपने इसे घर पर बनाया था और सब कुछ पहले से तय था, क्योंकि झाड़ग्राम की दुकान पर कैमरा पहले से ही लगा हुआ था।

### भाजपा ने भवानीपुर में मेरी रैली को बाधित किया: ममता बनर्जी

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली में अपना भाषण यह आरोप लगाते हुए संक्षिप्त कर दिया कि भाजपा जानबूझकर निकटवर्ती एक क्षेत्र में जनसभा से तेज संगीत बजा रही थी। इस बात से नाराज बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की आवश्यक अनुमति होने के बावजूद, चक्रबेरिया में उनकी रैली को भाजपा ने बाधित कर दिया। उन्होंने कहा, भाजपा डरा–धमकाकर बंगाल पर कब्जा करना चाहती है। उन्होंने कहा, मेरे लिए इस रैली को आगे बढ़ाना संभव नहीं है। अगर वे मेरे निर्वाचन क्षेत्र में ऐसा कर सकते हैं, तो सोचिए भाजपा कितनी अलोकतांत्रिक है। अगर वे इस तरह का व्यवहार करते हैं, तो मुझे कानूनी कार्रवाई करनी पड़ेगी।

## तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में कहीं भी पुनर्मतदान का आदेश नहीं: निर्वाचन आयोग के अधिकारी




**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी मतदान केंद्र पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है। दोनों राज्यों में बृहस्पतिवार को मतदान हुआ था। तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीट पर एक ही चरण में मतदान हुआ जबकि पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए पहले चरण में 152 सीट पर वोट डाले गए। पश्चिम बंगाल की शेष 142 सीट पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने पहले नियमों का हवाला देते हुए कहा था कि अगर किसी मतदान केंद्र पर वेबकास्टिंग को ''जानबूझकर'' बाधित किया जाता है तो वहां पुनर्मतदान कराया जाएगा।

### बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड 93.19 प्रतिशत मतदान हुआ

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 93.19 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो राज्य में अब तक का सबसे अधिक मत प्रतिशत है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। आयोग ने कहा कि पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को 16 जिलों के 152 विधानसभा क्षेत्रों में हुआ, जिसमें कुल 3.61 करोड़ मतदाताओं में से 3.36 करोड़ ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसने कहा कि मतदान करने वालों में 1.65 करोड़ महिलाएं और 1.71 करोड़ पुरुष थे। सबसे अधिक मतदान कूच बिहार जिले में 96.2 प्रतिशत दर्ज किया गया, उसके बाद दक्षिण दिनाजपुर में 95.44 प्रतिशत और मालदा में 94.79 प्रतिशत मतदान हुआ।

## बंगाल चुनाव: डायमंड हार्बर के पांच पुलिस अधिकारियों पर गाज, चुनाव आयोग ने दिया निलंबन का निर्देश

### भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र के कालीघाट और अलीपुर पुलिस थाने के प्रभारी बदले गए

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस ने शनिवार को कालीघाट और अलीपुर पुलिस थानों के लिए नए थाना प्रभारियों (ओसी) की नियुक्ति की। ये दोनों थाने चर्चित भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी से है। पुलिस आयुक्त अजय नंद द्वारा जारी आदेश में कहा गया गया है कि ये तबादले मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में किए गए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सबसे चर्चित निर्वाचन क्षेत्रों में से एक भवानीपुर में दूसरे चरण के तहत 29 अप्रैल को मतदान होगा। आदेश में कहा गया है कि विशेष शाखा के निरीक्षक गौतम दास को कालीघाट थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि दक्षिण संभाग के निरीक्षक सुब्रत पांडेय को अलीपुर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विशेष शाखा के निरीक्षक उत्तम कुमार पाइक को कालीघाट थाने का अतिरिक्त थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस बीच, अलीपुर थाने में अतिरिक्त ओसी के रूप में कार्यरत रहीं निरीक्षक चमेली मुखर्जी का तबादला कर उन्हें उल्टाडांगा महिला थाने का ओसी बनाया गया है।

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच निर्वाचन आयोग ने निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक और सख्त कदम उठाया है। आयोग ने डायमंड हार्बर पुलिस जिले में तैनात पांच वरिष्ठ अधिकारियों को 'गंभीर कदाचार' और चुनाव प्रक्रिया के दौरान 'तटस्थता बनाए रखने में विफलता' के गंभीर आरोपों में तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में आयोग ने स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शुरू की जाए। निलंबित होने वाले अधिकारियों में डायमंड हार्बर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आइपीएस) संदीप गराई, एसडीपीओ सजल मंडल और तीन थानों के प्रभारी–मौसम चक्रवर्ती (डायमंड हार्बर), अजय बाग (फालता) एवं शुभेच्छा बाग (उस्ती)–शामिल हैं। विशेष रूप से संदीप गराई के मामले में आयोग ने गृह मंत्रालय को भी रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।

आयोग की यह कार्रवाई मुख्य निर्वाचन अधिकारी की 22 अप्रैल की रिपोर्ट पर आधारित है। इसके अतिरिक्त, जिले की पुलिस अधीक्षक डा इशानी पाल को अपने अधीनस्थों पर नियंत्रण रखने में विफल रहने के लिए कड़ी चेतावनी जारी की गई है। आयोग ने आज सुबह 11 बजे तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी है, जो स्पष्ट संकेत है कि चुनाव की पवित्रता से समझौता करने वाले किसी भी प्रशासनिक अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा।

## आज फिर बंगाल दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर कोलकाता में रोड शो और ठाकुरनगर में जनसभा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के बाद अब दूसरे चरण के चुनाव से पहले प्रचार तेज हो गया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को एक बार फिर राज्य के दौरे पर रहेंगे। उनके कार्यक्रम में उत्तर कोलकाता में रोड शो और उत्तर 24 परगना के ठाकुरनगर में जनसभा शामिल है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री दोपहर करीब 12 बजे ठाकुरनगर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह सभा खास तौर पर मतुआ समुदाय को ध्यान में रखकर आयोजित की जा रही है। इसके बाद वे हुगली जिले के हरिपाल में भी एक सभा करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री कोलकाता पहुंचेंगे, जहां उत्तर कोलकाता में उनका रोड शो आयोजित होगा। जानकारी के मुताबिक, यह रोड शो शाम करीब साढ़े 5 बजे शुरू होगा। यह शोभाबाजार के बी.के. पाल एवेन्यू से शुरू होकर खन्ना क्रॉसिंग तक जाएगा।

### देश के कई हिस्सों में तापमान बढ़ने पर आईएमडी ने लू संबंधी परामर्श जारी किया

**नयी दिल्ली :** कई क्षेत्रों में तापमान बढ़ने पर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उष्ण लहर के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश और परामर्श जारी किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग के दिशानिर्देश एवं परामर्श में धूप में, खासकर दोपहर के समय देर तक बाहर न रहने, पर्याप्त पानी एवं तरल पेय पदार्थ पीने, हल्के एवं हवादार कपड़े पहनने, अधिक गर्मी के दौरान बाहर अधिक श्रम वाले काम से परहेज करने जैसी बातें शामिल हैं। आईएमडी ने बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के लिए विशेष देखभाल की सलाह दी है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''विभाग ने इस बात पर जोर दिया कि गर्मी से होने वाली बीमारियों जैसे थकान एवं लू लगने से बचने के लिए प्रारंभिक जागरूकता और निवारक उपाय महत्वपूर्ण हैं।'' मौसम विभाग ने अपने नवीनतम आकलन में कहा है कि उत्तर–पश्चिमी, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में फिलहाल अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस एवं 44 डिग्री सेल्सियस के बीच है तथा राजस्थान के श्री गंगानगर में तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। कई क्षेत्रों में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक बढ़ गया है। अधिकारी ने कहा, आईएमडी ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य भारत के कुछ इलाकों में उष्ण लहर की प्रबल संभावना है। तटीय और पूर्वी क्षेत्रों में गर्म और उमस भरा मौसम रह सकता है, जबकि उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में रातें गर्म रहने की संभावना है।







## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 अप्रैल, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख शुक्लपक्ष दशमी, 18:11 तक, नक्षत्र : मघा, 20:27 तक, योग : वृद्धि, 22:27 तक, सूर्योदय: 05:08, सूर्यास्त: 18:00, चन्द्रोदय : 13:25, चन्द्रास्त: 01:42, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 16:21 से 17:57

## साप्ताहिक : राशिफल
## 26-04-26 से 02-05-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कभी खुशी कभी गम लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आपको चीजें कभी मन मुताबिक बनती हुई तो कभी बिगड़ती नजर आएंगी। हालांकि सप्ताह की शुरुआत बीते हफ्ते के मुकाबले राहतकारी कही जाएगी। इस दौरान आपको घर और बाहर दोनों जगह लोगों से मनचाहा सहयोग मिलेगा, लेकिन इस दौरान आपके विरोधी भी सक्रिय रहेंगे। ऐसे में अपनी योजनाओं के पूरा होने से पहले उसका खुलासा करने की भूल बिलकुल न करें।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत में ही कामकाज में आने वाली अड़चनें आपकी चिंता का कारण बनेंगी। स्वजनों से समय पर अपेक्षित सहयोग और समर्थन न मिल पाने के कारण आपके स्वभाव में क्रोध एवं झुंझलाहट देखी जा सकती है। चीजें और न बिगड़ें इसके लिए आपको पूरे सप्ताह सकारात्मक सोच बनाए रखना होगा और प्रत्येक कार्य को सूझबूझ के साथ करना होगा। घर-परिवार और करियर कारोबार से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले लेते समय अपने शुभचिंतकों की सलाह अवश्य लें।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता और सौभाग्य लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आप जिस दिशा में परिश्रम और प्रयास करेंगे आपको उस क्षेत्र में मनचाही सफलता और लाभ की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में आपके कामकाज की तारीफ होगी। सीनियर आप पर मेहरबान रहेंगे। इस हफ्ते आपके कद और पद में वृद्धि होने के पूरे योग हैं। कुल मिलाकर इस सप्ताह आपके उत्साह एवं पराक्रम में वृद्धि होगी और आप अपने कार्य को अपने बलबूते पूरे मनोयोग के साथ करेंगे।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह जीवन के नये अवसर लेकर आ रहा है। यदि आप लंबे समय से रोजी-रोजगार की तलाश में भटक रहे थे आपको इस सप्ताह अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। छात्र वर्ग और नवयुवकों को नई चीजें सीखने को मिल सकती हैं। उच्च शिक्षा की दिशा में किए जा रहे प्रयास सफल हो सकते हैं। पहले से कार्यरत नौकरीपेशा लोगों के कौशल में वृद्धि होगी। नई जिम्मेदारियों को संभालने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा लोगों के संबंध सीनियर और जूनियर के साथ बेहतर होंगे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ एवं लाभप्रद रहने वाला है। इस सप्ताह सिंह राशि के जातकों को भूमि-भवन और संपत्ति से जुड़े मामलों में बड़ी सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी से जुड़े फैसले आपके पक्ष में आ सकते हैं। पैतृक संबंधी की प्राप्ति में आ रही अड़चनें दूर हो सकती हैं। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। सीनियर आप पर मेहरबान रहते हुए आपके कद और पद में वृद्धि कर सकते हैं। मनचाही जगह पर ट्रांसफर की कामना इस हफ्ते पूरी हो सकती है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने किसी भी काम में लापरवाही या आलस्य करने से बचना होगा, अन्यथा आपको बड़ा नुकसान और अपमान झेलना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के सिर पर इस सप्ताह अचानक से कोई बड़ी जिम्मेदारी आ सकती है, जिसे उन्हें अपने दम पर पूरा करना होगा। इस सप्ताह कन्या राशि के जातकों को अपने काम को कल पर टालने से बचना होगा। साथ ही साथ कार्यक्षेत्र में सभी के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने का प्रयत्न करें। भूलकर भी किसी के साथ वाद-विवाद न करें।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए सप्ताह की शुरुआत थोड़ी आपाधापी भरी रह सकती है। इस दौरान आपको कुछेक घरेलू समस्याएं परेशान कर सकती हैं, जिसके कारण आपका मन खिन्न रहेगा। इस सप्ताह तुला राशि के जातकों को नियमों का उल्लंघन करने से बचना चाहिए। भूमि-भवन या पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों को कोर्ट-कचहरी में ले जाने की बजाय आपसी सहमति से सुलझाना आपके हित में रहेगा। यदि एक कदम पीछे करने पर दो कदम आगे जाने की संभावना बने तो ऐसा करने से बिल्कुल नहीं चूकें, अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा प्रतिकूल परिस्थितियों को लिए हुए है। इस सप्ताह नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में कामकाज से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इस हफ्ते छोटे-छोटे कार्य को पूरा करने के लिए भी आपको अधिक परिश्रम और प्रयास करने पड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सीनियर और जूनियर दोनों से अपेक्षाकृत सहयोग और समर्थन न मिल पाने से मन खिन्न रहेगा। यह सप्ताह वित्तीय दृष्टि से आपके लिए मध्यम फलप्रद है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बड़ी सफलता और उलब्धियों को लिए हुए है। यदि आप बीते कुछ समय से किसी कार्य विशेष को लेकर परिश्रम और प्रयास कर रहे थे तो आपको इस हफ्ते उसमें मनचाही कामयाबी मिल सकता है। प्रोफेशनल्स एवं नौकरीपेशा वर्ग के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। कार्यक्षेत्र में आपके काम की तारीफ होगी। आपके विरोधी भी आपकी उपलब्धियों का बखान करते नहीं थकेंगे। कामकाजी महिलाओं के कद एवं पद में वृद्धि से न सिर्फ उनका कार्यक्षेत्र में बल्कि घर-परिवार में भी मान-सम्मान बढ़ेगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत से ही आपको न सिर्फ कार्यक्षेत्र बल्कि घर-परिवार से जुड़ी समस्याओं को जूझना पड़ सकता है। परिवार के किसी प्रिय सदस्य के साथ हुआ वाद-विवाद आपकी चिंता और तनाव का बड़ा कारण बन सकता है। मकर राशि के जातकों को इस सप्ताह घर और बाहर दोनों जगह लोगों के साथ बात-व्यवहार सावधानी के साथ करने की आवश्यकता रहेगी। लोग आपकी बात का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसलिए चीजों को स्पष्ट रूप से और विनम्रता के साथ कहें।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों को इस सप्ताह किस्मत का पूरा साथ मिलता हुआ नजर आएगा। सप्ताह की शुरुआत किसी बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार से होगी। इस दौरान आपको घर और बाहर दोनों जगह स्वजनों से सुख और सहयोग की प्राप्ति होगी। करियर कारोबार की दृष्टि से पूरा सप्ताह आपके लिए अनुकूल और लाभप्रद कहा जा सकता है। व्यवसाय से जुड़े लोगों को इस हफ्ते कारोबार में मनचाहा लाभ मिलने से संतोष का अनुभव होगा। सप्ताह के मध्य में आप कोई बड़ी कारोबारी डील कर सकते हैं।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ और लाभप्रद रहने वाला है। इस सप्ताह आपको करियर और कारोबार में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। सप्ताह की शुरुआत में इस सिलसिले में की गई यात्रा सुखद, सफल एवं लाभप्रद साबित होगी। इस हफ्ते बेरोजगार लोगों को मनचाहा रोजगार मिल सकता है। वहीं पहले से कार्यरत लोगों के कद एवं पद में वृद्धि होगी। उनकी आय के नये स्रोत बनेंगे।

# न्यायपालिका पर जनता का भरोसा बनाए रखना हमारा दायित्व : सीजेआई सूर्यकांत

**जयपुर :** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका और उससे जुड़ी संस्थाओं में जनता का गहरा विश्वास है और इस विश्वास को बनाए रखना सभी का दायित्व है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यहां 'एसोसिएशन ऑफ रिटायर्ड जजेज' (राजस्थान चैप्टर) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने पूर्व न्यायाधीशों की तुलना 'बावड़ी' से करते हुए उन्हें ज्ञान का भंडार बताया, जो कठिन परिस्थितियों में व्यवस्था का मार्गदर्शन कर सकते हैं। सीजेआई ने कहा, जिस प्रकार राजस्थान में बावड़ियां बरसात के मौसम में पानी संचित कर सूखे समय में उपयोगी होती हैं, उसी प्रकार सेवानिवृत्त न्यायाधीश हमारे लिए एक बहुमूल्य संसाधन हैं। लोक अदालतों, मध्यस्थता और सलाहकार भूमिकाओं में उनका अनुभव अत्यंत उपयोगी है। सीजेआई ने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सहित सभी न्यायिक संस्थाओं को अधिक सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संबोधन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लोग न्यायाधीशों के शब्दों को अत्यंत सम्मान के साथ स्वीकार करते हैं, जो न्यायपालिका पर जनता के गहरे विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस विश्वास को बनाए रखना न्यायपालिका की जिम्मेदारी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एक शेर की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा, जिसको तूफानों से उलझने की हो आदत, ऐसी कश्ती को समंदर भी दुआ देता है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे जनता का विश्वास न केवल बना रहे बल्कि और मजबूत हो।




# राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी, बाड़मेर में तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस



**जयपुर :** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी है और शनिवार को बाड़मेर में दिन में अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.4 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान केंद्र-जयपुर के अनुसार, राज्य के कई स्थानों पर लू जैसी परिस्थितियां बनी रहीं। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बीकानेर में 44.5, जोधपुर में 44.4 और कोटा में 44.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। चित्तौड़गढ़ में 44.2 डिग्री सेल्सियस और श्रीगंगानगर में 43.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। पिलानी और चूरू दोनों स्थानों पर 43.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा, जबकि जयपुर और अलवर में 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में कहीं-कहीं लू की स्थिति बने रहने का अनुमान है।

# पेट्रोल पंप पर तेल नहीं दिये जाने के कारण समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई अस्पताल, मरीज की मौत

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पेट्रोल पंप पर पेट्रोल न मिलने के कारण एक निजी एंबुलेंस समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सकी और देर हो जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस मामले में पेट्रोल पंप प्रबंधक के खिलाफ शनिवार को नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पूर्ति निरीक्षक इंद्रेश कुमार तिवारी की तहरीर पर बैरिया थाने में टेंगरही स्थित 'मेसर्स भूषण सर्विस स्टेशन' के प्रबंधक अशोक कुमार भारती के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) देव मणि मिश्र ने बताया कि बुधवार रात बैरिया के पांडेपुर गांव निवासी छट्ठू शर्मा (50) की तबीयत अचानक बिगड़ी और परिजन उन्हें निजी एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि तभी रास्ते में पेट्रोल खत्म होने से एम्बुलेंस बंद हो गई। उन्होंने बताया कि परिजनों ने टेंगरही के पेट्रोल पंप से तेल देने का अनुरोध किया लेकिन संचालक ने पेट्रोल न होने का हवाला देकर इनकार कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि समय पर अस्पताल न पहुंच पाने से रास्ते में ही छट्ठू की मौत हो गई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि 22 अप्रैल की रात 9:21 बजे एंबुलेंस पंप पर पहुंची थी और सीसीटीवी फुटेज से इसकी पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि पंप प्रबंधक ने जांच में स्वीकार किया कि एंबुलेंस आई थी और चालक ने पेट्रोल मांगा था लेकिन स्टॉक न होने की बात कहकर तेल नहीं दिया गया, जिसकी वजह से एंबुलेंस करीब 15 मिनट खड़ी रही। अधिकारी ने बताया कि जांच में पंप पर 22 अप्रैल को स्टॉक मिला और कुल साढ़े आठ हजार लीटर से अधिक पेट्रोल उपलब्ध होने के बावजूद एंबुलेंस को तेल नहीं दिया गया।

## रांची : मंदिर में लूटपाट की कोशिश के दौरान सुरक्षा गार्ड की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** रांची के एक मंदिर में तैनात 60-वर्षीय सुरक्षा गार्ड की लूटपाट के प्रयास के दौरान पत्थर से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार देर रात धुर्वा स्मार्ट सिटी क्षेत्र स्थित जगन्नाथ मंदिर में हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने बताया, ''शुक्रवार को सुरक्षा गार्ड की हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और पुलिस को बताया कि पीड़ित ने उन्हें पहचान लिया था। इसलिए, पकड़े जाने के डर से उन्होंने पत्थर से सिर पर हमला करके उसकी हत्या कर दी।''

# मा जानकी मंदिर 2028 के अंततक बनकर हो जायेगा तैयार: सम्राट चौधरी



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को घोषणा की कि मां जानकी मंदिर का निर्माण 31 दिसंबर, 2028 तक पूरा हो जाएगा। चौधरी ने कहा कि उनकी सरकार के पहले मंत्रिमंडल निर्णयों में से एक सीतापुरम टाउनशिप का निर्माण करना है, जैसा कि उनके पूर्ववर्ती नीतीश कुमार ने घोषणा की थी। मुख्यमंत्री जानकी नवमी के अवसर पर सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में बोल रहे थे, जो माता सीता का जन्मस्थान है। चौधरी ने यहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''मां सीता के मंदिर का (निर्माण) काम 31 दिसंबर, 2028 तक पूरा हो जाएगा। नीतीश कुमार जी ने घोषणा की थी कि सरकार सीतापुरम का निर्माण करेगी। इसलिए, जब मैंने पहली मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता की, तो मैंने सीतामढ़ी में टाउनशिप बनाने का फैसला किया।'' उन्होंने जानकी नवमी के अवसर पर सीतामढ़ी की अपनी यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए गर्व और खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के बाद माता सीता के आशीर्वाद से मैं सीतामढ़ी में प्रार्थना करने आया हूं और वह भी जानकी नवमी के अवसर पर। चौधरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या को जनकपुर से जोड़ने वाली चार लेन की प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना, राम-जानकी पथ का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीतापुरम के आसपास के पूरे क्षेत्र का विकास किया जाएगा।

## जयपुर के मुहाना इलाके में बहुमंजिला इमारत में आग, 20 लोग सुरक्षित निकाले गए

**जयपुर :** राजस्थान की राजधानी जयपुर के मुहाना इलाके में शनिवार को एक आवासीय बहुमंजिला इमारत की छठी मंजिल पर आग लग गई। आग की लपटों ने दो फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मुहाना थाना प्रभारी (एसएचओ) गुर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने के बाद इमारत में घना धुआं भर गया, जिससे कई लोग अंदर फंस गए थे।

# गाजीपुर में लड़की से बलात्कार और हत्या के मामले में राजनीतिक बयानबाजी तेज

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर बलात्कार और हत्या के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने इस मुद्दे पर भाजपा को घेरते हुए कहा कि उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। इस बीच पुलिस-प्रशासन ने मामले में त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया है। गाजीपुर के करंडा थाना क्षेत्र के कटारिया गांव में कुछ दिन पहले विश्वकर्मा समाज की एक लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म और हत्या का मामला सामने आया था। राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि वह 29 अप्रैल को कटारिया गांव पहुंचकर पीड़िता के परिवार से मुलाकात करेंगे। इससे पहले सपा का एक प्रतिनिधिमंडल गांव में गया जहां पथराव की घटनाएं सामने आईं। शनिवार को सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने गाजीपुर की घटना का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है। यादव ने कहा, एक पिता की बेटी की जान चली गई और उसे लालच देने के लिए भाजपा के नेता वहां पहुंचे हैं, पुलिस भी मौजूद है।

# मऊ में स्कॉर्पियो-ट्रक की आपस में टक्कर



## पांच लोगों की मौत

**मऊ (उप्र) :** मऊ जिले में शनिवार तड़के स्कॉर्पियो और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और हादसे में एक पालतू कुत्ते की भी जान चली गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा तड़के करीब तीन बजे दोहरीघाट थाना क्षेत्र में राजमार्ग पर हुआ जब गोरखपुर जिले के रानीडीहा का निवासी एक परिवार दो सहयोगियों के साथ रांची (झारखंड) से अपनी बेटी की शादी कर स्कॉर्पियो से लौट रहा था। घोसी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड नंबर की कार अनियंत्रित होकर गलत लेन में चली गई और सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान विनय श्रीवास्तव (53), उनकी पत्नी अर्चना श्रीवास्तव (48), पुत्र कृतार्थ श्रीवास्तव (27), रविंद्र यादव (20) और पुरुषोत्तम कुमार (28) के रूप में हुई है। रविंद्र और पुरुषोत्तम गया जिले के रहने वाले थे। सूचना मिलते ही दोहरीघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद शवों को वाहन से बाहर निकाला गया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के सही कारणों की जांच कर रही है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति की कामना की है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, जनपद मऊ में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

# सपा सरकार बनने पर 24 घंटे में गन्ना भुगतान, 15 हजार करोड़ का फंड बनेगा: अखिलेश यादव



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को दावा किया कि 2027 में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर गन्ना किसानों का भुगतान 24 घंटे के भीतर किया जाएगा और इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये का 'किसान रिवॉल्विंग फंड' बनाया जाएगा। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा, जैसे ही किसान के हाथ में पर्ची आएगी, उसी समय उसके खाते में भुगतान कर दिया जाएगा। इसके लिए रिवॉल्विंग फंड बनाया जाएगा, जिससे किसानों को इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के कर्ज को लेकर कानून बनाकर राहत दी जाएगी। इसके साथ ही फसल बीमा, मुफ्त सिंचाई और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने का भी वादा किया। यादव ने आरोप लगाया कि सपा सरकार के दौरान किसानों को मिलने वाली कई सुविधाएं मौजूदा सरकार ने समाप्त कर दीं। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे के किनारे मंडियों का विकास रुक गया है और कृषि ढांचे को आगे नहीं बढ़ाया गया। सपा प्रमुख ने कहा कि बढ़ती लागत के कारण खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है और किसान खाद, बीज तथा डीजल महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका से समझौते के बाद बड़े पैमाने पर कृषि उत्पाद भारत में आ जाएंगे तो राज्य का किसान संकट में पड़ जाएगा। जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात करते हुए यादव ने कहा कि किसानों को अनुसंधान केंद्रों से जोड़कर बेहतर बीज और कम रासायनिक उर्वरक के उपयोग की दिशा में काम किया जाएगा। यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संबंधित एक वीडियो साझा करते हुए इटावा सफारी को लेकर उनकी आलोचना की। उन्होंने 'स्मार्ट सिटी' की तर्ज पर 'स्मार्ट गांव' विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि सपा सरकार बनने पर इस दिशा में कार्य किया जाएगा। नहरों की सफाई को लेकर पूछे गए सवाल पर यादव ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि इस दिशा में अपेक्षित कार्य नहीं हुआ है।

# देवघर में झारखंड एटीएस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया, अमेरिका निर्मित पिस्तौल बरामद



**देवघर :** झारखंड के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने देवघर में तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से अमेरिका निर्मित एक पिस्तौल बरामद की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विदेशी हथियारों के सौदे में शामिल व्यक्तियों के बारे में मिली गोपनीय सूचना के आधार पर शुक्रवार को नगर थाना क्षेत्र में यह अभियान चलाया गया। देवघर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रवीण पुष्कर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, छापेमारी के दौरान तीन लोगों को पकड़ा गया। उनके पास से सात कारतूस और दो पिस्तौल बरामद की गईं, जिनमें से एक अमेरिका निर्मित है। उन्होंने कहा, मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इस अभियान के पीछे एक बड़ा गिरोह काम कर रहा है। इसमें शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3421

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| ■ | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | | | 9 | ■ | | ■ | 10 | | 11 |
| | ■ | ■ | 12 | | | | | ■ | |
| 13 | 14 | 15 | | ■ | | ■ | ■ | 16 | |
| ■ | 17 | | ■ | 18 | | | 19 | ■ | |
| 20 | | ■ | 21 | | ■ | ■ | 22 | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | ■ | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | | |

*बायें से दायें :-* 1) टीवी, 4) सीखपूर्ण, 6) आनेवाला समय, 8) अवसरप्रतिकूल; बेमेल, 10) मनोविकारग्रस्त, 12) लाभप्रद, 13) अंत-र्भाव, 16) निष्प्राण, 17) ब्याज, 18) राजोचित, 20) एक फल, 21) ऊपर से, 22) विवश, 25) गोल घेरा, 27) छटपटाना, 28) जोड़ का.

*ऊपर से नीचे :-* 2) रोबीला; प्रभावशाली, 3) आकाश, 4) चेला, 5) गंगा-यमुना का संगम, 7) विवादित, 8) बढ़ोतरी, 9) छानबीन, 10) पापहीन; पवित्र, 11) ज़ायक़ेदार, 14) बेगुनाह, 15) हिंदुओं के आदि धर्मग्रंथ, 18) टाट का बना बड़ा थैला, 19) झूठा बहाना, 20) प्रेमी, 23) चालबाज़, 24) उपयोग; धंधा, 26) ढेर.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | सु | र | फु | सु | र | ■ | अं | ■ | क |
| ■ | ■ | च | ट | ■ | द | ■ | ग | ज | र |
| स | ज | ना | ■ | कु | न | कु | ना | ■ | तू |
| ■ | न | ■ | वा | मा | ■ | द | ■ | पो | त |
| ग | ग | न | च | र | ■ | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ण | ■ | ना | ■ | सि | त | म | ग | र |
| पै | ना | ■ | ल | ब | रा | ■ | न | या | ■ |
| मा | ■ | शा | य | द | ■ | सि | वा | ■ | बा |
| ना | दा | न | ■ | ली | ची | ■ | ना | रा | ज़ी |

## सुडोकू-पहेली-3379

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | 2 | 5 | | |
| | | | | 7 | | | 3 | 8 |
| | 9 | | 5 | 1 | | 2 | | |
| | | 7 | | | 8 | | | 3 |
| 8 | | | | | | | | 6 |
| 5 | 3 | | | 2 | | 9 | | |
| | | 9 | | | | | | |
| | | | 3 | | | | | |
| | 7 | | | | | 1 | 4 | 2 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3378 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 | 7 |
| 5 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 6 | 5 | 7 | 2 | 1 | 4 | 8 | 9 | 3 |

# बंगाल में भाजपा सरकार बनी तो सीएए जल्द लागू, मतुआ समुदाय को मिलेगा नागरिकता अधिकार : शाह

**❑ मतुआ समुदाय को नागरिकता से वंचित रखने का ममता सरकार पर आरोप**

**❑ पहले चरण में 110 सीटें जीतने का भाजपा का दावा दोहराया**



**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को तेजी से लागू किया जाएगा, खासकर मतुआ समुदाय को नागरिकता देने के लिए। हावड़ा जिले के श्यामपुर में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी सरकार मतुआ समाज को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है और उन्हें भय में रख रही है। शाह ने कहा कि दीदी सीएए लागू नहीं होने दे रही हैं। आप भाजपा को सत्ता में लाइए, और 5 मई के बाद हम सुनिश्चित करेंगे कि मतुआ समुदाय के हर व्यक्ति को नागरिकता मिले। उन्होंने बांग्लादेश से आए शरणार्थी पृष्ठभूमि वाले इस प्रभावशाली समुदाय का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा शासन में उन्हें अनिश्चितता में नहीं रहना पड़ेगा। महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर भी गृह मंत्री ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरजी कर अस्पताल, संदेशखाली और कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में हुई घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि टीएमसी के 15 वर्षों के शासन में सबसे ज्यादा नुकसान महिलाओं को हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। ममता बनर्जी के उस बयान पर भी शाह ने आपत्ति जताई, जिसमें महिलाओं को शाम सात बजे के बाद बाहर न निकलने की सलाह दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह सरकार की विफलता दर्शाता है। भाजपा सरकार बनने के बाद अगर कोई लड़की रात एक बजे भी बाहर निकलेगी, तो कोई उसे गलत नजर से देखने की हिम्मत नहीं करेगा। शाह ने एक बार फिर दावा किया कि पहले चरण के मतदान में भाजपा को बढ़त मिली है और पार्टी 110 सीटें जीत रही है। उन्होंने कहा कि टीएमसी सत्ता से बाहर होगी और बंगाल में भाजपा सरकार बनेगी। श्यामपुर की रैली के अलावा शाह ने हावड़ा के रामराजातला और रानीकुटी में दो रोड शो भी किए।

# बंगाल में दो-तिहाई बहुमत से भाजपा की जीत तय, परिवर्तन निश्चित : राजनाथ सिंह

**❑ टीएमसी सरकार के जाने का दावा, महिलाओं की सुरक्षा को बनाया मुद्दा**

**❑ घुसपैठियों और गुंडों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा की बड़ी जीत का दावा करते हुए कहा कि राज्य में दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनेगी और बदलाव तय है। दक्षिण 24 परगना जिले के राजपुर-सोनारपुर में रोड शो के दौरान उन्होंने कहा कि पहले चरण में हुए करीब 93 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान से साफ संकेत मिल रहा है कि टीएमसी सरकार की विदाई तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की महिलाएं मौजूदा सरकार के कुशासन से निराश हैं और अब बदलाव चाहती हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल भाजपा और एनडीए सरकार ही सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सत्ता में आने पर महिलाओं को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

घुसपैठ के मुद्दे पर भी रक्षा मंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद बंगाल में कोई भी घुसपैठिया नहीं रह पाएगा। उन्होंने कहा कि एक-एक घुसपैठिए को राज्य की सीमा से बाहर किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य में गुंडों के लिए भी कोई जगह नहीं बचेगी, या तो वे जेल में होंगे या कानून के दायरे में लाए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने हुगली जिले के गोघाट में भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो कर पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की।

# बंगाल में ममता और मोदी दोनों अमीरों के पक्ष में : राहुल गांधी



**हुगली :** पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर एक साथ निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ही गरीबों के बजाय अमीरों के हित में काम कर रहे हैं।

हुगली जिले के श्रीरामपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को देशभक्त बताते हैं, लेकिन उनकी नीतियां देश के संसाधनों को कमजोर कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य-दोनों ही सरकारों का ध्यान रोजगार सृजन पर नहीं है, बल्कि सत्ता बनाए रखने पर केंद्रित है।

गांधी ने कहा कि देश इस समय दो विचारधाराओं के बीच संघर्ष देख रहा है-एक ओर कांग्रेस की एकता और भाईचारे की सोच है, जबकि दूसरी ओर भाजपा और आरएसएस की राजनीति नफरत और डर फैलाने पर आधारित है। उन्होंने नोटबंदी और जीएसटी को छोटे उद्योगों के लिए नुकसानदायक बताया।

पश्चिम बंगाल को लेकर उन्होंने कहा कि यह राज्य कभी औद्योगिक केंद्र था, लेकिन पहले वाम मोर्चा और फिर तृणमूल कांग्रेस के शासन में उद्योगों को नुकसान हुआ। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर उद्योगों को राज्य से बाहर जाने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया।

राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में देश के हितों से समझौता करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे कृषि, लघु उद्योग और ऊर्जा सुरक्षा पर असर पड़ेगा।

अपने संबोधन में उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने और वोट चोरी जैसी गतिविधियों में शामिल रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा और आरएसएस के खिलाफ मजबूती से लड़ती रहेगी।

## मिथुन के विवादित बोल, ममता के बारे में कहा-क्या वह सच में ब्राह्मण परिवार से हैं?

**❑ कहा-जो जैसा व्यवहार करेगा, वैसा ही जवाब दिया जाएगा**



**कोलकाता :** बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले सियासी माहौल गर्म है और 'मांस' विवाद ने राजनीतिक रंग और गहरा कर दिया है। शनिवार को हुगली जिले के पुरसुरा में एक सभा में मशहूर बालीवुड अभिनेता व भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि पर सवाल उठाते हुए विवादित टिप्पणी की और कहा कि उन्हें संदेह है कि क्या वह वास्तव में ब्राह्मण परिवार से हैं। 'मछली-मांस बंद' कराने के आरोपों को खारिज करते हुए मिथुन ने कहा कि यह सत्तारूढ़ दल का भ्रामक प्रचार है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राजस्थान और भोपाल जैसे स्थानों पर भी खुलेआम मछली बेची और खाई जाती है। बता दें कि मुख्यमंत्री आरोप लगा रही हैं कि बंगाल में सत्ता में आने पर भाजपा मछली खाने पर रोक लगा देगी। पहले चरण के मतदान के रुझानों का हवाला देते हुए मिथुन ने दावा किया कि इस बार भाजपा सिर्फ जीत ही नहीं, बल्कि बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी। मिथुन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता झगड़ा नहीं करेंगे, लेकिन जैसा व्यवहार उनके साथ होगा, वैसा ही जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करने की अपील की।

# पश्चिम बंगाल में 225 सीटों के साथ सत्ता में लौटेगी तृणमूल : अभिषेक बनर्जी

**हावड़ा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया है कि उनकी पार्टी 294 सदस्यीय विधानसभा में लगभग 225 सीटें जीतकर पश्चिम बंगाल में लगातार चौथी बार सरकार बनाएगी। हावड़ा के बाली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पार्टी पहले चरण में शतक पार कर चुकी है और दूसरे चरण के बाद सीटों की संख्या 225 से कम नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जनता ने तृणमूल के पक्ष में स्पष्ट जनादेश देने का मन बना लिया है।



उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दो-तीन वर्षों में भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाया जाएगा। बनर्जी ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसका असर चुनाव परिणामों के बाद सामने आएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बंगाल दौरे पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि केवल धार्मिक स्थलों के दर्शन या 'झालमुड़ी' खाने से जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता। उन्होंने दावा किया कि राज्य में बुनियादी ढांचा और रोजगार सृजन तृणमूल सरकार की देन है। दक्षिण 24 परगना के भांगर में एक अन्य रैली में उन्होंने इंडियन सेकुलर फ्रंट (आईएसएफ) पर भाजपा की बी-टीम होने का आरोप लगाया और कहा कि कुछ दल अल्पसंख्यक वोटों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। बनर्जी ने मतदाताओं से अपील की कि वे धर्म या विभाजनकारी राजनीति के बजाय विकास, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दों पर मतदान करें। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी सर्वेक्षण तृणमूल कांग्रेस की जीत की ओर इशारा कर रहे हैं।

# हार के डर से टीएमसी के गुंडे काम तलाश रहे, 4 मई के बाद नहीं मिलेगी पनाह : योगी

**❑ टीएमसी शासन पर पहचान संकट और भ्रष्टाचार के आरोप**

**❑ भाजपा सरकार बनने पर बंगाल को नई दिशा देने का दावा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को टीएमसी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल में अब तक दबदबा बनाने वाले गुंडों को अपनी हार का अंदेशा हो गया है। नदिया जिले के नवद्वीप में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कई लोग अब नए काम की तलाश में हैं, कोई पंचर की दुकान लगाने की सोच रहा है तो कोई सफाई का काम करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि चार मई के नतीजों के बाद ऐसे तत्वों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल अब अराजकता को और सहन नहीं करेगा। योगी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले वर्षों में माफियाराज और भ्रष्टाचार के कारण बंगाल अपनी पहचान खोता जा रहा है।

**❑ नवद्वीप की विरासत और पहचान पर जोर**

योगी ने चैतन्य महाप्रभु की जन्मस्थली नवद्वीप की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि भक्ति और वैष्णव परंपरा का केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि जो बंगाल कभी देश को दिशा देता था, आज वही राज्य पहचान के संकट से जूझ रहा है। उन्होंने रिकॉर्ड मतदान का हवाला देते हुए कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और टीएमसी के आतंक व भ्रष्टाचार से मुक्ति का मन बना चुकी है।

**❑ इफ्तार और वोट बैंक पर टिप्पणी**

सीएए मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि उनका विरोध केवल वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दीदी को चिंता है कि अगर हिंदू बढ़ गए तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां अब सड़कों पर नमाज या इफ्तार नहीं होता और लाउडस्पीकर की आवाज भी सीमित है। साथ ही आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार घुसपैठियों के जरिए राज्य के संसाधनों पर डकैती करवा रही है।

**❑ धार्मिक परंपराओं पर पाबंदी का आरोप**

योगी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस बंगाल ने दुर्गा पूजा और काली पूजा की परंपरा दी, वहां मूर्ति विसर्जन के लिए अदालत का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा और मां काली की पूजा को कोई नहीं रोक सकता और ऐसा करने वालों के खिलाफ विरोध होगा।

**❑ भ्रष्टाचार से मुक्ति का आह्वान**

योगी ने कांग्रेस, वामपंथियों और टीएमसी पर राज्य को पीछे ले जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि बंगाल कटमनी और भ्रष्टाचार से मुक्त हो। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने पर विकास तेज होगा और राज्य अपनी पुरानी पहचान हासिल करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि चुनाव परिणाम आने के बाद पूरे बंगाल में बदलाव दिखेगा और नवद्वीप से कोलकाता तक हर जगह केसरिया झंडा लहराएगा। योगी ने नवद्वीप के अलावा कटवा और बागदा में भी जनसभाओं को संबोधित किया।

# बंगाल चुनाव: बागदा-गायघाट में मतुआ परिवार में दरार, वोट पर असर के संकेत

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल के मतुआ बहुल बागदा और गायघाट विधानसभा क्षेत्रों में इस बार चुनाव पारंपरिक तृणमूल कांग्रेस बनाम भाजपा मुकाबले से आगे बढ़कर मतुआ प्रथम परिवार के अंदरूनी विभाजन का रूप ले चुका है। परिवार के सदस्य अलग-अलग दलों से मैदान में हैं, जिससे चुनावी समीकरण जटिल हो गए हैं।

बागदा में तृणमूल ने राज्यसभा सांसद ममताबाला ठाकुर की बेटी और मौजूदा विधायक मधुपरना ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर की पत्नी सोमा ठाकुर को टिकट दिया है। इससे रिश्तेदारों के बीच सीधी टक्कर बन गई है। क्षेत्र में अनुसूचित जाति मतदाता 53% से अधिक और मतुआ मतदाता करीब 40% हैं, जिससे यह सीट बेहद अहम मानी जा रही है।

गायघाट में भाजपा विधायक सुब्रत ठाकुर फिर मैदान में हैं, जिन्हें तृणमूल के नरोत्तम बिस्वास के साथ-साथ पार्टी के अंदर असंतोष का भी सामना करना पड़ रहा है। हालांकि बगावत के संकेत के बाद कुछ नेताओं ने नामांकन वापस ले लिया, लेकिन नाराजगी उजागर हो चुकी है।

इधर, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद बड़ी संख्या में नाम हटने से शरणार्थी मतुआ समुदाय में चिंता बढ़ी है। स्थानीय अनुमानों के मुताबिक, बागदा में लगभग 55 हजार और गायघाट में करीब 39 हजार नाम हटे हैं। इससे भाजपा के नागरिकता आधारित राजनीतिक संदेश को झटका लगा है।

स्थानीय मतदाताओं का कहना है कि नागरिकता का वादा किया गया था, लेकिन अब वोट देने को लेकर भी अनिश्चितता है। इस स्थिति का असर दिखने लगा है-कुछ भाजपा कार्यकर्ता और परिवार तृणमूल में शामिल हुए हैं।

ऐसे में 29 अप्रैल को होने वाले मतदान में इन दोनों सीटों पर सबकी नजरें टिकी हैं।

# पश्चिम बंगाल के मंत्री फिरहाद हकीम की संपत्ति पांच सालों में 69 प्रतिशत बढ़ गयी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फिरहाद हकीम की संपत्ति में पिछले पांच वर्षों में 69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा यह 2021 में 13.34 करोड़ रुपये से बढ़कर 2026 में 22.57 करोड़ रुपये हो गई है। उनके चुनावी हलफनामे से यह जानकारी सामने आयी है। उनकी घोषित व्यक्तिगत आय में बहुत वृद्धि हुई है। वर्ष 2021 के हलफनामे में उनकी वार्षिक आय 65.87 लाख रुपये थी, जो नवीनतम विवरण में बढ़कर 1.71 करोड़ रुपये हो गई है, यानी पांच वर्षों में इसमें 160 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हकीम कोलकाता के महापौर भी हैं। हलफनामों से यह भी पता चलता है कि शहरी विकास और नगर मामलों के मंत्री हकीम की कुल देनदारियां इस दौरान लगभग दोगुनी हो गईं। उनकी देनदारियां 2021 के 83.79



लाख रुपये से बढ़कर 2026 में 1.62 करोड़ रुपये हो गईं। उनकी चल और अचल संपत्तियों में बैंक जमा, निवेश, आभूषण और कोलकाता तथा आसपास के जिलों में कई अचल संपत्तियां शामिल हैं, जो उनकी कुल संपत्ति में वृद्धि का कारण हैं। हलफनामे में मंत्री ने स्वयं को 'व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और नेता बताया है, जबकि उनकी पत्नी व्यवसाय में लगी हुई हैं। संपत्ति में हुई वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा बैंक जमा में वृद्धि, निवेश और परिवार के पास मौजूद अचल संपत्तियों के मूल्य में वृद्धि से आया प्रतीत होता है। हलफनामों से उनके कानूनी रिकॉर्ड में भी बदलाव का संकेत मिलता है। जहां हकीम ने 2021 के नामांकन पत्रों में एक लंबित आपराधिक मामले का उल्लेख किया था, वहीं 2026 के हलफनामे के अनुसार अब उनके खिलाफ दो लंबित आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## अरूप बिस्वास ने 2.09 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति घोषित की

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मंत्री एवं टॉलीगंज विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार अरूप बिस्वास ने अपने चुनावी हलफनामे में लगभग 2.09 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति घोषित की है, जो पांच साल पहले उनके द्वारा घोषित 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। नामांकन पत्रों के साथ दाखिल किए गए हलफनामे के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस नेता बिस्वास की चल संपत्ति 1.83 करोड़ रुपये है। इसके अनुसार उनके पास 1.51 लाख रुपये नकद हैं और छह बैंक खातों में कुल 1.64 करोड़ रुपये जमा हैं। चुनाव संबंधी हलफनामे के अनुसार बिस्वास के निवेश में म्यूचुअल फंड और इक्विटी शेयर में 33.49 लाख रुपये और भविष्य निधि बचत में 32 लाख रुपये शामिल हैं। उन्होंने तीन बीमा पॉलिसी में भी निवेश किया है। मंत्री ने घोषणा की है कि उनके पास कोई वाहन नहीं है और किसी भी व्यक्ति या वित्तीय संस्था संबंधी कोई बकाया ऋण या देनदारी नहीं है। मंत्री के चुनाव घोषणापत्र के अनुसार, उनके पास 125 ग्राम सोने के आभूषण हैं जिनकी कीमत 14 लाख रुपये से अधिक है। हलफनामे के अनुसार अचल संपत्तियों में बिस्वास के पास न्यू अलीपुर की दुर्गापुर कॉलोनी में 1,500 वर्ग फुट का एक मकान है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 25 लाख रुपये है। हलफनामे के अनुसार उनके पास ना तो कोई कृषि योग्य भूमि है और ना ही कोई पैतृक संपत्ति। हलफनामे के अनुसार बिस्वास के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में उनके चुनाव हलफनामों के विश्लेषण से पता चलता है कि उनकी संपत्ति में लगातार वृद्धि हुई है, जो 2006 में 16.44 लाख रुपये से बढ़कर 2011 में 75.32 लाख रुपये, 2021 में 1.15 करोड़ रुपये और वर्तमान में लगभग 2.09 करोड़ रुपये हो गई है। बिस्वास ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री 1985 में प्राप्त की थी।



दमदम उत्तर में चुनाव प्रचार के दौरान दोपहिया वाहन पर सवार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।



बारानगर में भाजपा नेता सजल घोष के समर्थन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रोड शो किया।



राजारहाट न्यू टाउन में भाजपा प्रत्याशी पीयूष कनोडिया के समर्थन में चुनाव प्रचार करते अभिनेता व सांसद रवि किशन।



कोलकाता पोर्ट में भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह के समर्थन में शुभेंदु अधिकारी ने रोड शो किया।



कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले जोरासांको विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी विजय उपाध्याय के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव का सम्मान किया गया।

# बंगाल चुनाव देश के लिए अहम, घुसपैठ से बदल रही जनसांख्यिकी : हिमंत

❑ **भाजपा सरकार बनने पर घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दावा**
❑ **सीमा राज्यों पर भी पड़ने वाले प्रभाव को लेकर जताई चिंता**

**कोलकाता :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को राष्ट्रीय महत्व का बताते हुए कहा कि इसमें केवल राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश का भविष्य जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण राज्य की जनसांख्यिकी में तेजी से बदलाव हो रहा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है।



कोलकाता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सरमा ने कहा कि यदि बंगाल में भाजपा की सरकार बनती है, तो घुसपैठियों को पहचान कर देश से बाहर किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो अनियंत्रित घुसपैठ के कारण आम लोगों को आगे चलकर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा और एक बार जनसांख्यिकीय संतुलन बिगड़ने के बाद उसे सुधारना मुश्किल हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि बंगाल की भौगोलिक स्थिति इसे संवेदनशील बनाती है, क्योंकि भारत-बांग्लादेश सीमा का लगभग 54 प्रतिशत हिस्सा इसी राज्य से जुड़ा है। इसके अलावा त्रिपुरा 21 प्रतिशत, मेघालय 11 प्रतिशत, मिजोरम 8 प्रतिशत और असम 6 प्रतिशत सीमा साझा करते हैं। सरमा ने कहा कि बंगाल के चुनाव को इन राज्यों से अलग करके नहीं देखा जा सकता, क्योंकि सीमा की किसी भी कमजोरी का असर पूरे क्षेत्र पर पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे सीमावर्ती जिलों के रास्ते घुसपैठिए बंगाल को कॉरिडोर की तरह इस्तेमाल कर असम और देश के अन्य हिस्सों में पहुंचते हैं। साथ ही उन्होंने उत्तर दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तर व दक्षिण 24 परगना, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और नदिया में मतदाताओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी का भी उल्लेख किया। सरमा ने चुनावी आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि भाजपा पहले चरण में 152 में से 110 सीटें जीत सकती है। उन्होंने कहा कि 93 प्रतिशत के रिकॉर्ड मतदान से यह स्पष्ट है कि राज्य में अब भय का माहौल खत्म हो रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के लिए 200 से अधिक सीटें जीतना कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।

## अति संवेदनशील बूथों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आयोग की : कलकत्ता हाई कोर्ट

❑ **टीएमसी की सीआरपीएफ की तैनाती से संबंधी याचिका खारिज की**

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य के अति संवेदनशील बूथों पर केंद्रीय बल की तैनाती के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि अति संवेदनशील बूथों की सुरक्षा की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। अदालत ने तृणमूल कांग्रेस की ओर से दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा सीआरपीएफ की तैनाती के निर्देश को चुनौती दी गई थी।



दरअसल, 18 अप्रैल को आयोग ने एक निर्देश जारी कर विभिन्न खुफिया रिपोर्ट और सूचनाओं के आधार पर अति संवेदनशील बूथों पर स्वतंत्र और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल तैनात करने का निर्णय लिया था। इस निर्देश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस अदालत पहुंची थी। मामले की सुनवाई के दौरान तृणमूल के वकील अनिर्वाण राय ने तर्क दिया कि बल तैनाती में मैनुअल आन फोर्स डिप्लायमेंट का सही पालन नहीं किया गया। उनका कहना था कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान मतदान से कम से कम छह महीने पहले शुरू होनी चाहिए, जबकि इस मामले में चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद यह निर्देश जारी किया गया, जो उद्देश्यपूर्ण है। वहीं, चुनाव आयोग के वकील दामा शेषाद्रि नायडू ने अदालत को बताया कि संविधान के अनुच्छेद 329(बी) के तहत चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता। साथ ही, 2023 के मैनुअल की धारा 1.3 के अनुसार कानून-व्यवस्था बनाए रखने और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आयोग का निर्णय खुफिया रिपोर्ट और तथ्यों के आधार पर लिया गया है और इसमें कोई अवैधता नहीं है। न्यायाधीश ने यह भी स्पष्ट किया कि संवेदनशील क्षेत्रों की मैपिंग पहले से ही की गई थी और जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारी स्थिति से पूरी तरह अवगत थे।

## दूसरे चरण के मतदान में कोलकाता में सबसे ज्यादा केंद्रीय बल तैनात

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आगामी बुधवार को होने वाले दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कुल 142 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की है। जानकारी के अनुसार, दूसरे चरण के लिए कुल 2,231 कंपनियां केंद्रीय बल की तैनात की जाएंगी। इनमें सबसे अधिक बल कोलकाता में तैनात किया गया है, जबकि सबसे कम बल आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में लगाया गया है। इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए 142 जनरल ऑब्जर्वर और 95 पुलिस ऑब्जर्वर भी नियुक्त किए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, कोलकाता में 273 कंपनियां तैनात होंगी। इसके बाद पूर्व बर्धमान में 260, हुगली ग्रामीण में 234, बारुईपुर पुलिस जिला में 161 और बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट में 160 कंपनियां तैनात की जाएंगी। वहीं कृष्णानगर में 158, हावड़ा ग्रामीण में 147, डायमंड हार्बर में 135 और रानाघाट में 127 कंपनियां तैनात रहेंगी। इसके अलावा बसिरहाट में 123, सुंदरबन में 113, बारासात में 112, हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट में 110 कंपनियां तैनात की जाएंगी। चंदननगर में 83, बोंगांव में 62 और बिधाननगर में 50 कंपनियां केंद्रीय बल की रहेंगी। सबसे कम 13 कंपनियां आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात की गई हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष नजर रखी जाएगी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## टीएमसी के गुंडों को उल्टा लटकाने वाले बयान पर शाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगी ममता

❑ **शाह के बयान पर ममता ने फिर जताई कड़ी आपत्ति, कहा- उल्टा लटकाने की भाषा ठीक नहीं**
❑ **पीएम के झालमुड़ी वाले तंज पर ममता का जवाब, कहा- मिर्ची हमें नहीं, आपको लगेगी**

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले सियासी माहौल और गरमाता जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा चुनावी रैलियों में भाजपा की सरकार बनने पर टीएमसी के गुंडों को उल्टा लटकाने वाली चेतावनी पर नाराज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। ममता ने हुगली जिले के उत्तरपाड़ा में एक चुनावी सभा में शाह के इस बयान पर लगातार दूसरे दिन कड़ा ऐतराज जताया और कहा कि एक गृह मंत्री को इस तरह की भाषा शोभा नहीं देती। उन्होंने कहा कि हम उनके ऐसे हिंसक बयानों के खिलाफ कानूनी कदम उठाएंगे। ममता ने यह भी कहा कि अपने पद की गरिमा के अनुसार उन्हें इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

दरअसल, शुक्रवार को भी शाह ने एक रैली में सख्त चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर 29 मई को टीएमसी के गुंडों ने लोगों को परेशान किया तो पांच मई के बाद उन्हें उल्टा लटकाकर सीधा कर दिया जाएगा। ममता ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चुनाव के बाद लोगों को इस तरह की सजा देने की बात करना पूरी तरह अस्वीकार्य है। इस सोच के साथ आप बंगाल में कभी सफल नहीं हो सकते।

## स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए टीएमसी, वामो और कांग्रेस ने खुद लगाए सीसीटीवी कैमरे

❑ **मुर्शिदाबाद के डोमकल में बारी-बारी से मौजूद रहकर हर गतिविधि पर रख रहे हैं नजर**

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म होते ही ईवीएम की सुरक्षा को लेकर राजनीतिक दल सतर्क हो गए हैं। मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल गर्ल्स कालेज स्थित स्ट्रांग रूम, जहां जलंगी, डोमकल और रानीनगर विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम रखी गई हैं, वहां तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और वाम दलों ने चुनाव आयोग की सुरक्षा व्यवस्था पर पूरी तरह निर्भर न रहते हुए अपने स्तर पर अतिरिक्त निगरानी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, प्रशासन और केंद्रीय बलों की कड़ी सुरक्षा के बावजूद उम्मीदवारों और दलों के



कार्यकर्ताओं के एक हिस्से को सुरक्षा व्यवस्था पर संदेह है। इसी कारण तृणमूल, कांग्रेस और वाम दलों ने स्ट्रांग रूम के बाहर अपने खर्च पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है, जो बारी-बारी से वहां मौजूद रहकर हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं।

❑ **सीसीटीवी निगरानी के लिए बनाए गए अस्थायी शिविर :** सीसीटीवी निगरानी के लिए स्ट्रांग रूम से कुछ दूरी पर अस्थायी शिविर बनाए गए हैं। वहां टीवी मानिटर, हार्ड डिस्क और अन्य जरूरी उपकरण लगाए गए हैं ताकि कैमरों की फुटेज लगातार देखी जा सके। स्ट्रांग रूम के आसपास कौन आ-जा रहा है और कोई संदिग्ध गतिविधि तो नहीं हो रही, इस पर हर समय नजर रखी जा रही है। रानीनगर से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार सौमिक हुसैन ने कहा कि उनकी पार्टी कोई जोखिम नहीं लेना चाहती, इसलिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार जुलफिकार अली ने भी बताया कि उनकी पार्टी ने भी इसी तरह की व्यवस्था की है।

## तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी के फिर बिगड़े बोल... शाह को दी कपड़े उतारने की धमकी

❑ **तृणमूल सांसद ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को 'उल्टा लटकाने' की भी दी धमकी**

**कोलकाता :** हुगली जिले के श्रीरामपुर के वर्तमान सांसद और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और विवादित बयान देकर राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। कोन्नगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि यदि तृणमूल के एक भी कार्यकर्ता पर आंच आई, तो अमित शाह के शरीर पर कपड़े नहीं बचेंगे।

सांसद यहीं नहीं रुके, उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को 'उल्टा लटकाने' की धमकी भी दी। उन्होंने शाह को 'जल्लाद' संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोग जानते हैं कि हिसाब कैसे चुकता किया जाता है। कल्याण बनर्जी ने केंद्रीय एजेंसियों की सक्रियता को लेकर भी हमला बोला। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि पहले चरण के मतदान में उत्तर बंगाल और जंगलमहल में भाजपा का सूपड़ा साफ होने जा रहा है। उनके इस बयान के बाद भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे लोकतंत्र के लिए शर्मनाक बताया है और चुनाव आयोग से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कल्याण बनर्जी अक्सर ही अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। कभी पीएम मोदी के चूहा तो कभी अपनी पार्टी सांसद को लेकर गलत बयानबाजी तो कभी उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति रहने के दौरान जगदीप धनखड़ का संसद भवन के गेट पर नकल करना प्रमुख है।

## ममता सरकार ने प्रधानमंत्री को 'मां कैंटीन' में भोजन का दिया न्योता, भाजपा पर भी साधा निशाना

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य सरकार की 'मां कैंटीन' में पांच रुपये में भोजन करने का आमंत्रण दिया है। साथ ही पार्टी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर कई मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला।

तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रधानमंत्री जब बंगाल आए हैं और यहां की संस्कृति का अनुभव कर रहे हैं, तो उन्हें 'मां कैंटीन' में आम लोगों के साथ सस्ता भोजन कर जमीनी हकीकत भी देखनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत मात्र पांच रुपये में चावल, दाल और सब्जी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे गरीब और श्रमिक वर्ग को राहत मिलती है। घोष ने कहा कि 'मां कैंटीन' योजना 2021 में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा शुरू की गई थी और आज राज्यभर में सैकड़ों केंद्र संचालित हो रहे हैं। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों को सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है।

इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री घुसपैठ की बात करते हैं, तो यह केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी पर सवाल उठाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीमा सुरक्षा केंद्र के अधीन है, ऐसे में इसकी विफलता की जिम्मेदारी भी केंद्र को ही लेनी चाहिए। तृणमूल प्रवक्ता ने यह भी कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री ने बंगाल में नौका विहार और 'झालमुड़ी' का आनंद लिया, लेकिन उन्हें राज्य की सामाजिक योजनाओं को भी समझना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि बंगाल की जनता भाजपा के आरोपों और 'बाहरी मॉडल' को स्वीकार नहीं करेगी। घोष ने निर्वाचन आयोग पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है और हाल के कुछ फैसले आम जनता के लिए असुविधाजनक साबित हुए हैं।

## चुनाव ड्यूटी के बाद बीएलओ की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल ले जाते समय मौत

❑ **परिवार ने चुनाव आयोग को ठहराया जिम्मेदार**

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव के ड्यूटी के बाद अचानक बीमार हुई एक बीएलओ की मौत हो गई। बांकुड़ा के मौलाडांगा की निवासी और आइसीडीएस कर्मी शंपा लाई प्रमाणिक, जो बीएलओ के रूप में तैनात थीं, की शनिवार सुबह अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई। शंपा के परिजनों और सहकर्मियों का आरोप है कि 23 अप्रैल को बांकुड़ा टाउन बायज हाई स्कूल के बूथ संख्या 87 पर ड्यूटी के दौरान उन्हें अमानवीय परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। भीषण लू और तेज धूप के बावजूद उन्हें बूथ के बाहर बैठना पड़ा, जहां पीने के पानी और ओआरएस जैसी बुनियादी व्यवस्था भी नहीं थी। चुनाव कार्य समाप्त कर घर लौटने के बाद उन्हें लगातार उल्टियां हुईं और तबीयत बिगड़ती चली गई। शनिवार सुबह स्थिति गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका के पति प्रसेनजीत प्रमाणिक और सहकर्मी रिंकू राय ने चुनाव आयोग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। उनका कहना है कि सुरक्षा बलों और प्रशासन का व्यवहार भी चुनाव कर्मियों के प्रति बेहद संवेदनहीन रहा।

## बेहाला पश्चिम में शिक्षा घोटाला बड़ा मुद्दा, त्रिकोणीय मुकाबले में सियासी तापमान चरम पर

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता का महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्र बेहाला पश्चिम इस बार चुनावी 'हॉटस्पॉट' के रूप में उभर रहा है। इस सीट पर सबसे बड़ा मुद्दा शिक्षा घोटाला बन गया है, जिसमें पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय के जेल जाने के बाद पूरे राज्य की राजनीति में भूचाल आ गया था। अब सवाल यह है कि इस विवाद से जुड़ी छवि को सत्तारूढ़ दल सुधार पाएगा या विपक्ष इसे चुनावी हथियार बनाकर बढ़त हासिल करेगा।

बेहाला पश्चिम पहले जादवपुर विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा था, लेकिन 2002 में परिसीमन के बाद यह अलग सीट के रूप में सामने आया। कोलकाता नगर निगम के 118, 119 और 125 से 132 नंबर वार्ड इस क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। यहां कुल 2 लाख 64 हजार 162 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 27 हजार 452 पुरुष, 1 लाख 36 हजार 706 महिला और 4 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। हालिया संशोधन के बाद करीब 11,905 मतदाताओं के नाम सूची से हटे हैं। यहां के मतदाता अपेक्षाकृत संपन्न और राजनीतिक रूप से जागरूक माने जाते हैं।

राजनीतिक इतिहास की बात करें तो वाम शासन के दौरान यह क्षेत्र सीपीएम का मजबूत गढ़ था। लेकिन 2001 में तृणमूल कांग्रेस ने यहां सेंध लगाई और पार्थ चट्टोपाध्याय ने इस सीट पर कब्जा जमाया। इसके बाद 2021 तक लगातार पांच बार उन्होंने यहां जीत दर्ज की। वहीं बेहाला पूर्व से शोभन चट्टोपाध्याय विधायक थे। दोनों नेताओं के कार्यकाल में क्षेत्र में जल निकासी और परिवहन व्यवस्था में सुधार हुआ, मेट्रो विस्तार के कारण आवागमन भी आसान हुआ। नियमित मैनहोल सफाई के चलते जलजमाव की समस्या काफी हद तक कम हुई।



हालांकि शिक्षा घोटाले में पार्थ चट्टोपाध्याय के जेल जाने के बाद क्षेत्र में विधायक की अनुपस्थिति का असर विकास पर पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले पांच वर्षों में कई समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंता का विषय है। यहां विद्यासागर स्टेट जनरल अस्पताल ही मुख्य सहारा है, जिसके कारण गंभीर मामलों में लोगों को कोलकाता के अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता है।

इसके अलावा जलजमाव, नालियों की खराब स्थिति और जलाशयों को भरकर अवैध निर्माण जैसे मुद्दे भी लोगों की नाराजगी का कारण बने हुए हैं। कुछ इलाकों में हल्की बारिश में भी पानी भर जाता है और लंबे समय तक जलभराव रहने से डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय की कमी का भी आरोप लगाया है।

इस बार तृणमूल कांग्रेस ने बेहाला पूर्व की विधायक रत्ना चट्टोपाध्याय को यहां से उम्मीदवार बनाया है। पार्षद रहने के दौरान इस क्षेत्र में उनका अच्छा जनसंपर्क रहा है और वह 'स्थानीय बेटी' के रूप में प्रचार कर रही हैं। उनका कहना है कि वह क्षेत्र की समस्याओं को समझकर समाधान के लिए काम करेंगी और क्षेत्र की छवि को फिर से बेहतर बनाएंगी।

भाजपा ने इस सीट से युवा नेता और कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर इंद्रनील खां को उम्मीदवार बनाया है। वह क्षेत्र में अपनी सक्रियता और संगठन विस्तार के कारण पहचान बना चुके हैं। चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें कुछ जगहों पर विरोध का सामना भी करना पड़ा, लेकिन वह लगातार जनसंपर्क में जुटे हुए हैं और जीत को लेकर आत्मविश्वास जताया है।

वहीं वाम मोर्चा की ओर से सीपीएम के लोकप्रिय नेता निहार भक्त मैदान में हैं। वाम दल इस सीट को अपना पुराना गढ़ मानते हुए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। निहार भक्त छोटी-छोटी सभाओं और घर-घर संपर्क के जरिए प्रचार कर रहे हैं और वैकल्पिक राजनीति की बात उठा रहे हैं। उनके समर्थन में पार्टी के वरिष्ठ नेता और वाम समर्थक चेहरे भी प्रचार में सक्रिय हैं।

कुल मिलाकर बेहाला पश्चिम में इस बार तृणमूल, भाजपा और वाम दलों के बीच कड़ा त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। शिक्षा घोटाला, विकास कार्यों की गति, स्वास्थ्य सुविधाएं और स्थानीय समस्याएं इस चुनाव के प्रमुख मुद्दे बन चुके हैं। अब नजर 4 मई को आने वाले नतीजों पर है, जब यह स्पष्ट होगा कि इस अहम सीट पर जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है।

## नीति आयोग का पुनर्गठन: बंगाल के दो दिग्गजों को बड़ी जिम्मेदारी, केंद्र में नई विशेषज्ञ टीम

### टीम में डॉ. अशोक लाहिड़ी, डॉ. गोवर्धन दास, डॉ. के. वी. राजू, डॉ. अभय करंदीकर, डॉ. एम. श्रीनिवास और राजीव गौबा को महत्वपूर्ण भूमिकाएं सौंपी गई

**कोलकाता :** केंद्र सरकार ने देश के शीर्ष नीति निर्धारण संस्थान नीति आयोग का पुनर्गठन करते हुए एक नई उच्चस्तरीय विशेषज्ञ टीम का गठन किया है। इस टीम में डॉ. अशोक लाहिड़ी, डॉ. गोवर्धन दास, डॉ. के. वी. राजू, डॉ. अभय करंदीकर, डॉ. एम. श्रीनिवास और राजीव गौबा को महत्वपूर्ण भूमिकाएं सौंपी गई हैं।

नई संरचना में बंगाल के दो प्रमुख नामों की विशेष भागीदारी को राज्य की बौद्धिक परंपरा और राष्ट्र निर्माण में योगदान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. अशोक लाहिड़ी को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विज़न को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। चार दशकों से अधिक के अनुभव वाले डॉ. लाहिड़ी देश के सबसे वरिष्ठ अर्थशास्त्रियों में गिने जाते हैं। वे मुख्य आर्थिक सलाहकार, वित्त आयोग के सदस्य रह चुके हैं और एशियन डेवलपमेंट बैंक, वर्ल्ड बैंक तथा इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड जैसे वैश्विक संस्थानों से जुड़े रहे हैं। दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र लाहिड़ी कोलकाता के प्रमुख बुद्धिजीवियों में शामिल हैं और लंबे समय से बंगाल के विकास से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं।

वहीं, नीति आयोग के सदस्य नियुक्त किए गए डॉ. गोवर्धन दास एक प्रतिष्ठित आणविक वैज्ञानिक हैं, जिनका लगभग तीन दशकों का शोध अनुभव है। वे इम्यूनोलॉजी, संक्रामक रोग और सेल बायोलॉजी के विशेषज्ञ हैं और तपेदिक (टीबी) के रोगजनन पर उनके शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक मान्यता मिली है। उन्होंने येल यूनिवर्सिटी, ह्यूस्टन मेथोडिस्ट हॉस्पिटल, दक्षिण अफ्रीका के यूनिवर्सिटी ऑफ क्वाजुलु-नटाल और नेशनल रिसर्च फाउंडेशन जैसे संस्थानों में अग्रणी शोध कार्य किया है। विश्व-भारती यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र डॉ. दास जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रह चुके हैं और वर्तमान में आईआईएसईआर भोपाल के निदेशक के रूप में संस्थान के विकास का नेतृत्व कर रहे हैं।

डॉ. दास की जीवन यात्रा संघर्ष और प्रेरणा से भरी रही है। वे बांग्लादेश से आए शरणार्थी परिवार में जन्मे, जहां उनके पिता एक गरीब किसान थे। सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने स्ट्रीट लाइट के नीचे पढ़ाई की और पश्चिम बंगाल में दंगों के दौरान अपने परिवार के 17 सदस्यों को खोने जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना किया। इसके बावजूद उन्होंने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई और अंततः देश सेवा के लिए भारत लौटे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह नई टीम न केवल नीति निर्माण को नई दिशा देगी, बल्कि देश के समावेशी और दीर्घकालिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### संघर्ष से शिखर तक: डॉ. गोवर्धन दास की प्रेरणा और उपलब्धियों से भरी नीति आयोग की यात्रा



नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**कोलकाता :** देश की नीति निर्माण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रख्यात आणविक वैज्ञानिक डॉ. गोवर्धन दास को नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब स्वास्थ्य अनुसंधान, विज्ञान और औद्योगिक नीति के समन्वय को राष्ट्रीय प्राथमिकता माना जा रहा है। डॉ. दास लगभग तीन दशकों से इम्यूनोलॉजी, संक्रामक रोग और सेल बायोलॉजी के क्षेत्र में कार्यरत हैं। वे विशेष रूप से तपेदिक (टीबी) के रोगजनन पर अपने अग्रणी शोध के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हैं। अपने वैज्ञानिक करियर के दौरान उन्होंने कई देशों में शोध कार्य किया है, जिनमें येल यूनिवर्सिटी, ह्यूस्टन मेथोडिस्ट हॉस्पिटल, दक्षिण अफ्रीका के यूनिवर्सिटी ऑफ क्वाजुलु-नटाल और नेशनल रिसर्च फाउंडेशन जैसे संस्थानों में अग्रणी शोध कार्य किया है। वे विश्व भारती विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं और जवाहरलाल नेहरू युनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में वे आईआईएसईआर भोपाल के निदेशक हैं, जहां उन्होंने संस्थान के शैक्षणिक और शोध विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. दास का जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण रहा है। वे बांग्लादेश से आए शरणार्थी परिवार में जन्मे, जहां उनके पिता एक गरीब किसान थे। सीमित संसाधनों के कारण उन्होंने बचपन में स्ट्रीट लाइट के नीचे पढ़ाई की। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में दंगों के दौरान उन्होंने अपने परिवार के 17 सदस्यों को खो दिया, लेकिन इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा और शोध के मार्ग को नहीं छोड़ा। विशेषज्ञों का मानना है कि डॉ. दास की नियुक्ति विज्ञान और सार्वजनिक नीति के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगी। नीति विशेषज्ञों के अनुसार, उनका वैश्विक शोध अनुभव और जमीनी समझ भारत की विकास नीतियों को अधिक प्रभावी और समावेशी बनाएगी। डॉ. दास की यह नियुक्ति न केवल वैज्ञानिक उत्कृष्टता की मान्यता है, बल्कि सामाजिक न्याय, संघर्ष और प्रेरणा की एक मजबूत मिसाल भी मानी जा रही है।

## कोलकाता में भाजपा के प्रचार में आ सकते हैं राघव चड्ढा? राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज

**कोलकाता :** चुनावी माहौल के बीच एक नई राजनीतिक चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि आम आदमी पार्टी के पूर्व सांसद राघव चड्ढा भाजपा के समर्थन में प्रचार के लिए कोलकाता आ सकते हैं। हालांकि इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि यह कदम आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक प्रभाव का जवाब देने की रणनीति के तहत देखा जा रहा है। अगर यह दौरा होता है, तो राघव चड्ढा भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाएं और प्रचार कार्यक्रम कर सकते हैं। हालांकि, राघव चड्ढा कब और किन क्षेत्रों में प्रचार करेंगे, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। न ही भाजपा या संबंधित पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह खबर सच साबित होती है, तो यह चुनावी समीकरणों पर असर डाल सकती है और चुनावी मुकाबले को और दिलचस्प बना सकती है। फिलहाल इस संभावित दौरे को लेकर सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर जारी है।

## प्रचार अभियान में तेजी, अमित शाह ने सुकांत को उपलब्ध कराया हेलिकॉप्टर

❑ **कम समय में ज्यादा कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति**
❑ **अंतिम चरण में भाजपा ने तेज किया चुनाव प्रचार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में भाजपा ने अपने प्रचार अभियान को और तेज कर दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, 'कार्पेट बाम्बिंग' रणनीति के तहत कम समय में अधिक से अधिक क्षेत्रों में बड़े नेताओं की मौजूदगी सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने लिए निर्धारित हेलिकॉप्टर अन्य नेताओं को भी उपलब्ध कराना शुरू किया है। शनिवार को यह हेलिकॉप्टर केंद्रीय शिक्षा एवं उत्तर-पूर्वी विकास राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार को दिया



गया, ताकि वे तय समय में ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रमों में हिस्सा ले सकें। जानकारी के मुताबिक, सुकांत मजूमदार के शनिवार को चार रोड शो प्रस्तावित थे, पूर्व वर्दवान के खंडघोष और मेमारी के अलावा कोलकाता के बेहाला पश्चिम और कोलकाता बंदर क्षेत्र में। सुबह करीब 9:30 बजे कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि यात्रा के लिए जो हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराया गया है, वह केंद्रीय गृह मंत्री के उपयोग के लिए निर्धारित आधुनिक हेलिकॉप्टर है। इसके बाद सुकांत मजूमदार सुबह 10:20 बजे कोलकाता से रवाना होकर 10:48 बजे खंडघोष पहुंचे। वहां रोड शो करने के बाद वे हेलिकॉप्टर से मेमारी पहुंचे और कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, दोपहर तक हेलिकॉप्टर को कोलकाता लौटना था, ताकि अमित शाह अपने जनसभाओं के लिए इसका उपयोग कर सकें। इसके बाद सुकांत मजूमदार मेमारी से सड़क मार्ग के जरिए कोलकाता लौटे। भाजपा का मानना है कि इस तरह की रणनीति से चुनाव के अंतिम चरण में प्रचार को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

# रेलवे लाइन के किनारे बस्ती में आग का कहर, 40 झोपड़ियां राख, रेल सेवा प्रभावित

❑ **ओवरहेड तार जलने से बजबज–सियालदह लाइन पर ट्रेनों का संचालन बाधित**
❑ **दक्षिण 24 परगना के आक्रा–संतोषपुर इलाके में घटना**



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के आक्रा–संतोषपुर इलाके में शनिवार दोपहर रेलवे लाइन के किनारे स्थित एक झुग्गी बस्ती में भीषण आग लगने से बड़ा नुकसान हुआ। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब 40 झोपड़ियां जलकर पूरी तरह नष्ट हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। शुरुआत में स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। लपटें इतनी तेज थीं कि रेलवे ट्रैक तक पहुंच गईं और ओवरहेड तार को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके चलते बजबज–सियालदह लाइन पर लोकल ट्रेनों का संचालन तत्काल रोक दिया गया, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में हालात काबू में आने पर ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू की गईं।

सूचना मिलने पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घनी आबादी होने के कारण दमकलकर्मियों को आग बुझाने में शुरुआती कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन लगातार प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच जारी है, हालांकि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट इसकी वजह हो सकती है। यह इलाका महेशतला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। घटना की जानकारी मिलते ही तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार शुभाशीष दास और माकपा उम्मीदवार सायन बंद्योपाध्याय मौके पर पहुंचे तथा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर हालात का जायजा लिया।

## सीबीएसई 10वीं 2026: फिजिक्सवाला के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, कई ने हासिल किए 100% अंक

**मालदह :** शिक्षा कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कई छात्रों ने शत-प्रतिशत (100%) अंक प्राप्त कर देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिससे संस्थान में उत्साह का माहौल है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा शामिल हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में पीडब्ल्यू विद्यापीठ-पाठशाला, मालदह में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रमुख प्रदर्शनकर्ताओं में अनीका रैसा (98%), ध्रुवज्योति दास (97.60%) और प्रियांशु सरकार (97.60%) शामिल रहे। सफल छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय नियमित अध्ययन, सतत अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। वैभव अरोड़ा ने कहा कि निरंतर तैयारी उनकी सफलता की कुंजी रही, वहीं अमोलिक पंडिता ने रिविजन और सैंपल पेपर को महत्वपूर्ण बताया। आयुष्मान महापात्रा ने अनुशासन और योजनाबद्ध अध्ययन को अपनी सफलता का आधार बताया। फिजिक्सवाला के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलख पांडेय ने छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर प्रयास और मजबूत शैक्षणिक सहयोग प्रणाली का परिणाम है। इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा में 25 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए, जो संगठित ऑनलाइन और हाइब्रिड शिक्षण की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

**Name Change**

I, RAJESH NEGI (OLD NAME), SON OF JOT SINGH NEGI RESIDING AT 254 -A, P-BLOCK, AHELCON PUBLIC SCHOOL, PATPARGANJ, AKSHARDHAM, EAST DELHI, DELHI -110092, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS RAJESH SINGH NEGI(NEW NAME) VIDE AN AFFIDAVIT SWORN BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 17/04/2026. RAJESH NEGI AND RAJESH SINGH NEGI BOTH ARE THE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**पश्चिम मध्य रेल**
**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**
**खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **क्र. सं. 1 निविदा सूचना कमांक** :रु जबल–एन–सिग,–टेण्डर–2026–16, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन के सतना–रीवा खंड में टर्नआउट नवीनीकरण से संबंधित संकेत एवं दूरसंचार कार्य (सिग्नलिंग कार्य), **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में) :** रु 16702739.59, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये) :** रु 00/–, **कार्यालय का पता :** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, 'जबलपुर, **बयाना राशि रुपये :** रु 334100/–, **समापन अवधि (माह) :** 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 22.05.2026 को 15. 00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। **क्र. सं. 2 निविदा सूचना कमांक :** जबल–एन–सिग,–टेण्डर–2026–17, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन के मझगवां स्टेशन पर लाइनों के सीएसएल/सीएसआर को बढ़ाने के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में) :** रु 4444180.06, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये) :** रु 00/–, **कार्यालय का पता :** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रुपये :** रु 88900/–, **समापन अवधि (माह) :** 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 22.05.2026 को 15. 00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे बेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक, (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त बेबसाइट से ओनलाईन आवेदन की जा सकती है।

हस्ता.
**मंडल रेल प्रबंधक(संकेत एवं दूरसंचार)**
**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## पूर्व रेलवे ने शिकायत निस्तारण समय घटाकर 28 मिनट किया, यात्रियों को त्वरित राहत

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत शिकायत निवारण प्रणाली में उल्लेखनीय सुधार किया है। वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान रेल मदद पर शिकायतों के औसत निस्तारण समय को घटाकर मात्र 28 मिनट कर दिया गया है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों से काफी कम है। इससे यात्रियों को यात्रा के दौरान ही त्वरित समाधान मिल रहा है। रेलवे के अनुसार, सेवा गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिला है। शिकायतों के समाधान के बाद 52.79% यात्रियों ने उत्कृष्ट प्रतिक्रिया दी, जबकि कुल शिकायतों की संख्या में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 1.79% की कमी दर्ज की गई। सफाई, कोच रखरखाव, खानपान, पानी की उपलब्धता और स्टाफ व्यवहार जैसी प्रमुख श्रेणियों में विशेष प्रगति हुई है। यह उपलब्धि महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में हासिल की गई है। उनके मार्गदर्शन में डिविजनल कंट्रोल रूम में 247 निगरानी और रियल–टाइम एस्केलेशन प्रणाली लागू की गई है, जिससे फील्ड स्टाफ के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित हुआ है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यात्री हमारी प्राथमिकता हैं और शिकायतों का त्वरित समाधान हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे हर यात्रा सुरक्षित और सुविधाजनक बन सके।

# राशन आवंटन घोटाला मामले में ईडी ने बंगाल में कई जगहों पर की छापेमारी

❑ **अनाज व्यवसायियों के नौ परिसरों पर चलाया गया तलाशी अभियान**
❑ **राशन का अनाज में खुले बाजार में ज्यादा कीमत पर बेचने का आरोप**

**कोलकाता :** ईडी ने राशन आवंटन घोटाला मामले में धन शोधन की जांच के तहत शनिवार को बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता, बर्धमान और हाबरा में अनाज व्यवसायी निरंजन चंद्र साहा समेत अन्य आपूर्तिकर्ताओं और चावल निर्यातकों के लगभग नौ परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया गया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई है।

केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में पहले भी छापेमारी की थी। धन शोधन का यह मामला अक्टूबर 2020 में बशीरहाट पुलिस द्वारा घोजाडांगा स्थित सीमा शुल्क उपायुक्त (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) की शिकायत पर दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए निर्धारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गेहूं की बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई है। गेहूं को आपूर्तिकर्ताओं, लाइसेंस प्राप्त वितरकों, डीलर और बिचौलियों की मिलीभगत से अवैध माध्यमों से कम कीमत पर खरीदा गया। ईडी का दावा है कि आपूर्ति श्रृंखला से बड़ी मात्रा में गेहूं को अवैध रूप से निकालकर कई स्थानों पर जमा किया गया था। अनाज को मूल रूप से कहां से प्राप्त किया गया, इसकी जानकारी छिपाने के लिए आरोपितों ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) और राज्य सरकार के चिह्नों वाले मूल बोरे हटा दिए या उलट दिए और उन्हें फिर से भर दिया और इस तरह पहचान संबंधी चिह्नों को छिपाकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के गेहूं को खुले बाजार में बेचने या निर्यात करने के लिए वैध भंडार के रूप में पेश किया गया। इस मामले में बंगाल के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# ममता राज्य के संस्थानों के पुनरुद्धार की मांग से बौखला गई हैं : प्रधान ने यादवपुर विवि विवाद पर कहा



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके नेतृत्व में वर्षों की ''चुप्पी और पतन'' ने राज्य के संस्थानों को कमजोर कर दिया है और अब उनके पुनरुद्धार की बढ़ती मांग से वह बौखला गई हैं। शिक्षा मंत्री की यह टिप्पणी ममता द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) पर दिए गए बयानों की आलोचना के बाद आई है। बनर्जी ने कहा था कि प्रधानमंत्री की टिप्पणियों ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए पहचाने जाने वाले एक प्रमुख संस्थान की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ममता बनर्जी अपने शासनकाल में इन संस्थानों की बदहाल स्थिति से अधिक, उनके पुनरुद्धार की उठ रही मांग से विचलित दिखाई देती हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के प्रतिष्ठित संस्थानों की गरिमा बहाल करने और उन्हें उनकी पूर्व शैक्षणिक उत्कृष्टता के स्तर पर वापस ले जाने की आवश्यकता पर जोर दिया था। प्रधान ने प्रथम वर्ष के एक छात्र की मृत्यु के बाद गठित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की विशेषज्ञ समिति के निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा कि समिति ने विश्वविद्यालय के रैगिंग–रोधी ढांचे को कमजोर और निष्प्रभावी पाया था। उन्होंने कहा कि समिति ने लापरवाही और जवाबदेही के गंभीर अभाव के कारण हुई गंभीर प्रशासनिक विफलताओं को भी चिह्नित किया था। प्रधान ने कहा, ''समिति ने पाया कि संस्थागत सुरक्षा उपाय कमजोर पड़ गए थे, शासन निष्प्रभावी हो गया था और हालात के प्रति वह गंभीरता नहीं दिखाई गई, जिसकी एक प्रमुख विश्वविद्यालय से अपेक्षा की जाती है।'' बनर्जी ने शुक्रवार को हावड़ा में एक रैली में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यादवपुर विश्वविद्यालय के साथ–साथ कलकत्ता विश्वविद्यालय, प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय और सेंट जेवियर्स विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि ये संस्थान अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्रों, शोधकर्ताओं तथा शिक्षाविदों की समृद्ध प्रतिभा के लिए वर्षों से देश–विदेश में ख्याति अर्जित करते रहे हैं।

## पेडिग्री ग्रेवी अभियान के लिए जेमिमा रोड्रिग्स बनीं ब्रांड एंबेसडर, पेट पेरेंट्स पर फोकस

**कोलकाता, समाज्ञा :** डॉग फूड श्रेणी के प्रमुख ब्रांड पेडिग्री ने अपनी ग्रेवी रेंज को बढ़ावा देने के लिए भारतीय क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स को अपने नए डिजिटल अभियान का चेहरा बनाया है। यह अभियान पालतू जानवरों के लिए वेट (ग्रेवी) फूड को रोज़मर्रा के संपूर्ण और संतुलित आहार के रूप में प्रस्तुत करता है। कंपनी मार्स इनकॉरपोरेटेड के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य भारत में बढ़ते पेट पेरेंट समुदाय को वैज्ञानिक रूप से संतुलित भोजन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। पेडिग्री ग्रेवी में उच्च प्रोटीन होने के साथ 100% संतुलित पोषण देने का दावा किया गया है। अभियान में जेमिमा रोड्रिग्स एक क्रिकेटर के साथ–साथ पेट पेरेंट के रूप में नजर आती हैं, जहां वे पालतू जानवरों के सही आहार के महत्व को रेखांकित करती हैं। मार्स पेट न्यूट्रिशन इंडिया की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर आयशा हुडा ने कहा कि कंपनी वेट फूड श्रेणी को बढ़ावा देने और पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि सही पोषण पालतू जानवरों के स्वास्थ्य के लिए उतना ही जरूरी है जितना खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिए। यह अभियान वेट फूड को दैनिक आहार का हिस्सा बनाने पर केंद्रित है।

# पत्रकार धीरेन्द्र झा (ब्रह्मचारी) नहीं रहे



**हावड़ा/कोलकाता :** लगभग चार दशकों तक पत्रकारिता में सक्रिय रहे धीरेन्द्र कुमार झा ऊर्फ ब्रह्मचारीजी का गत 21 अप्रैल को हावड़ा स्थित निवास पर देहावसान हो गया। वे कई महीनों से अस्वस्थ थे। वे जीवन के सातवें दशक में थे। ब्रह्मचारीजी अपने पीछे पत्नी और बच्चों का भरा–पूरा परिवार छोड़ गए हैं। राष्ट्रवादी विचारों वाले ब्रह्मचारीजी मूलरूप से मिथिलांचल के निवासी थे। स्व. ब्रह्मचारीजी ने लम्बे समय तक दैनिक छपते–छपते के सम्पादकीय विभाग में कार्य किया। कुछ दिनों तक उन्होंने स्वतंत्र लेखन भी किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका अंतिम पड़ाव भारतमित्र अखबार रहा, जहां उन्होंने कई वर्षों तक कार्य किया। स्व. ब्रह्मचारी अत्यन्त व्यवहार–कुशल, कार्यदक्ष तथा यारों के यार थे। स्वयं साधारण उपार्जन करने के बावजूद उन्होंने जरूरतमन्द परिचितों की मदद हेतु सदैव सहायता का हाथ बढ़ाया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। पत्रकार प्रकाश चंडालिया ने ब्रहम्चारी जी स्मरण करते बताया कि उनके जीवन की सबसे बड़ी बात यह रही कि खुद आर्थिक संकटों में रहते हुए किसी के मदद करने में पीछे नहीं रहे। मुझे कहने में कोई संकोच नहीं कि दर्जनों बार मेरे 10रुपए नहीं होते तो मुझे ब्रह्मचारी से कहना पड़ता, वे तुरंत अरेंज करवाने में जुट जाते। रामकथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी ने बताया कि ब्रह्मचारीजी के नाम से वे प्रसिद्ध थे।वे किसी से डरते नहीं थे। कठोर मेहनत करने वाले ब्रह्मचारीजी जहां रहते सबको हंसाते रहते। वे अपने पत्रकारीय विवेकबल की कीमत समझते थे इसलिए सदा बेखबर रहते थे।

**समाज्ञा हिंदी दैनिक** के संपादक **अनिल राय** ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ब्रह्मचारी जी का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका सरल स्वभाव, संघर्षशील जीवन और सहयोग की भावना सदैव स्मरणीय रहेगी।

# अंतिम चरण के प्रचार में तृणमूल के समर्थन में कोलकाता आएंगे अरविंद केजरीवाल



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार के बीच दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को तृणमूल कांग्रेस के समर्थन में कोलकाता पहुंचेंगे। वह बालिगंज विधानसभा सीट से तृणमूल उम्मीदवार शोभनदेव चट्टोपाध्याय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल की सभा रविवार शाम करीब 5 बजे तिलजला रोड स्थित गुरु रविदास पार्क के पीछे आयोजित होगी। इस कार्यक्रम में आसपास के विधानसभा क्षेत्रों के तृणमूल उम्मीदवारों के भी शामिल होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, अपने इस दौरे के दौरान केजरीवाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात भी हो सकती है। पहले ही संकेत मिल चुके थे कि प्रचार के अंतिम चरण में वह राज्य का दौरा करेंगे। जानकारी के अनुसार, 26 और 27 अप्रैल को उनके कई चुनावी कार्यक्रम निर्धारित हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीवाईसीपीएम/एसएनटी/एमएलडीटी/01, दिनांक: 24.04.2026।** उप सीपीएम/एस एंड टी/जीएसयू, पूर्व रेलवे, सियालदह डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: डीसीपीएम-जीएस-एसएनटी-एमएलडीटी-01-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में गंगवारा (जीजीडब्ल्यूए), पंजवारा (पीजेएलई), गोनुधाम (जीआईएफ) तथा कुरमाहाट (केयूएमटी) पर नए क्रॉसिंग स्टेशनों के विकास के सम्बन्ध में हंसडीहा-पोड़ेयाहाट खंड में गंगवारा (जीजीडब्ल्यूए) स्टेशन, बाराहाट-मंदारहिल खंड में पंजवारा (पीजेएलई) स्टेशन, भागलपुर-टिकनी खंड में गोनुधाम (जीआईएफ) स्टेशन तथा हंसडीहा-नोनीहाट खंड में कुरमाहाट (केयूएमटी) स्टेशन पर नवीनतम संशोधनी सहित आरडीएसओ/एसपीएन/192/2019 के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) सिस्टम के प्रावधान सम्मिलित संकेत एवं दूरसंचार कार्य के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹51,40,56,406.64। **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹1,02,81,100। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 04.05.2026। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 18.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 18.05.2026 को अपराह्न 3.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in। तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने की अंतिम तारीख को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए: (i) समरूप प्रकृति के 03 कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के 02 कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चार वर्षों के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:-** इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य [इंडोर या (इंडोर+आउटडोर)] तथा/या पैनल इंटरलॉकिंग कार्य [इंडोर या (इंडोर+आउटडोर)] तथा/या रूट रिले इंटरलॉकिंग कार्य [इंडोर या (इंडोर+आउटडोर)]। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।

(SDAH-21/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें:** @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# भारत क्षत्रिय समाज में शोक सभा का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारत क्षत्रिय समाज द्वारा भवानीपुर स्थित समाज कार्यालय में शनिवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में समाज के युवा अध्यक्ष संतोष सिंह के निधन, पूर्व महासचिव मनोज सिंह आदर्श की माताजी, कसबा निवासी दिनेश सिंह की माताजी, समाज के उपाध्यक्ष दया शंकर सिंह की माताजी तथा दारा सिंह की धर्मपत्नी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। सभा में समाज के अध्यक्ष डॉ राजेश कुमार सिंह, रंधिर सिंह, राम बाबू सिंह, राजा बाबू सिंह, भरत सिंह झाला, सुजीत सिंह, मनोज सिंह, लक्ष्मी नारायान सिंह, मनोज सिंह कस्बा, अमरेन्द्र कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, अमर नाथ सिंह, मनोज सिंह, मदिप सिंह, परविन्दर सिंह, अमित अग्रवाल, गणेश शर्मा, प्रियेश सिंह, विकाश शॉ, प्रतुश सिंह, राजीव रंजन सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अमित राज सिंह, संजीत सिंह, आजामगढ समाज के वेद प्रकाश तिवारी, दिनानाथ पांडे, संयोजक मनोज सिंह, अजय सिंह, सतीश राऊत, नवीन राऊत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।

# गाय चोर के संदेह में पीट-पीट कर हत्या - गंभीर स्थिति में दूसरे को पुलिस ने मेडिकल कालेज में कराया भर्ती

❑ **बिजली के खंभे से बांध कर पिटाई का सीसीटीवी फुजेट भी आया सामने**
❑ **पांच लोगों को हिरासत लेकर पुलिस कर रही पूछताछ**



**सिलीगुड़ी :** गाय चोर के संदेह में पीट–पीट कर भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी। दूसरा संदिग्ध गंभीर रूप से घायल है। उसे इलाज के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कालेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार सुबह यह घटना शहर के 40 नंबर वार्ड अंतर्गत एकटियाशाल इलाके में हुई है। मृतक और घायल दोनों इस्लामपुर इलाके का निवासी बताया गया है। इस घटना को लेकर इलाके में तनाव क माहौल है। शांति व्यवस्था बनाए रखने ज्ञश लिए भक्ति नगर थाना पुलिस के साथ अर्धसैनिक बल ने मोर्चा संभाला है।

बीते कुछ महीनों में इलाके के कई घरो से गाय चोरी हुई है। गाय चोरी की कई शिकायत थाना में भी दर्ज है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देररात इलाके में गाय चोर क घूमने की बात फैली। शनिवार तड़के करीब चार बजे गाय चोर के संदेह में इलाकाई लोगों ने दो संदिग्ध लोगों को पकड़ा। उन्हें बिजली के खंभे से बांध कर खूब पिटाई की। दोनों के अचेत होने पर भीड़ वहां से हटी। इसकी सुचना मिलते ही भक्ति नगर थाना की पुलिस अर्धसैनिक बल के साथ मौके पर पहुंची। बिजली के खंभे से बंधे दोनों को खोल कर इलाज के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कालेज पहुंचाया। जांच के बाद डाक्टर ने एक को मृत घोषित किया। जबकि दूसरे का इलाज शुरू किया। उसकी स्थिति भी गंभीर बताई जा रही है। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमे दोनों लोगों को बिजली के खंभे से बांध कर पिटाई करते देखा जा रहा है। भक्ति नगर थाना की पुलिस घटना की जांच में जुटी है। हमलावरों में शामिल होने के संदेह पर पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। इस्लामपुर नंबर की एक पिकअप वैन भी पुलिस ने हिफाजत में लिया है।

## मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने पेश किए नए एविएटर 350 और 350 एल+ वेरिएंट, इलेक्ट्रिक लॉजिस्टिक्स को मिलेगा बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने अपने इलेक्ट्रिक स्मॉल कमर्शियल वाहन पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए दो नए वेरिएंट-एविएटर 350 (32 किलोवाट घंटा) और एविएटर 350 एल+ (50 किलोवाट घंटा)–लॉन्च किए हैं। कंपनी के अनुसार, ये मॉडल अलग–अलग परिवहन आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। कंपनी ने बताया कि 600 से अधिक वाहनों द्वारा 65 लाख किलोमीटर के संचालन डेटा के आधार पर यह रणनीति तैयार की गई है। मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक के मैनेजिंग डायरेक्टर जलज गुप्ता ने कहा कि यह पहल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को व्यावसायिक स्तर पर बढ़ावा देगी। नए वेरिएंट की शुरुआती कीमत 14.58 लाख रुपये से 16.86 लाख रुपये के बीच रखी गई है।

# हावड़ा स्टेशन का कायाकल्प: आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बना पूर्व भारत का प्रमुख प्रवेश द्वार



**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में शामिल हावड़ा स्टेशन ने पिछले 10 वर्षों में व्यापक विकास कार्यों के जरिए अपनी पहचान को नए सिरे से स्थापित किया है। पूर्व रेलवे द्वारा किए गए इन सुधारों का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर और हावड़ा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विशाल कपूर के नेतृत्व में स्टेशन के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है। इसी क्रम में प्लेटफॉर्म संख्या 15 को 312 मीटर से बढ़ाकर 591 मीटर किया गया है, जबकि प्लेटफॉर्म संख्या 14 अब 581 मीटर लंबा हो गया है। इन विस्तारों से 22 से 24 कोच वाली मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन अधिक सुगमता से संभव हो गया है।

इसके अतिरिक्त, 3 करोड़ रुपये की लागत से 635 मीटर लंबा नया प्लेटफॉर्म संख्या 24 तैयार किया गया है। वहीं, प्लेटफॉर्म संख्या 16 को 15 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है, जिससे 12 कोच वाली ट्रेनों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। प्लेटफॉर्म 10, 11, 12 और 13 को भी क्रमशः 542, 591 और 547 मीटर तक विस्तारित करने की योजना है। यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के तहत प्लेटफॉर्म 1, 8, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 को 22 कोच वाली एलएचबी ट्रेनों के संचालन के लिए तैयार किया जा रहा है, जिससे ट्रेन संचालन अधिक सुरक्षित और कुशल होगा।

यात्रियों की सुविधा के लिए पुराने और नए परिसर में दो एग्जीक्यूटिव लाउंज स्थापित किए गए हैं। साथ ही दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और भारी सामान वाले यात्रियों के लिए अपर क्लास वेटिंग हॉल में 3 करोड़ रुपये की लागत से दो नए लिफ्ट लगाए गए हैं। स्टेशन से जुड़े बाहरी ढांचे में भी महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं। 8,574.98 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ईस्ट–वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर अब साल्ट लेक को हावड़ा मैदान से जोड़ता है। वर्ष 2025 से हावड़ा और सियालदह के बीच सीधा मेट्रो संपर्क शुरू होने से यात्रियों को ट्रैफिक से राहत और समय की बचत हो रही है।

इसके अलावा, वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव के लिए 25 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक मेंटेनेंस शेड बनाया गया है। पुराने पुलों की जगह नए बनारस स्टील ब्रिज और केबल–स्टे चांदमारी ब्रिज का निर्माण भी जारी है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि ये सभी विकास कार्य यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर किए गए हैं और रेलवे भविष्य में भी इसी दिशा में कार्य करता रहेगा।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# साहस्त्र बाहु मंदिर, नागदा, उदयपुर, राजस्थान

## हमारी अनजानी धरोहर 95



डॉ. एस. के. सैनी

राजस्थान के उदयपुर जिले में उदयपुर से लगभग 23 किलोमीटर दूर यह मंदिर स्थित है। यहाँ दो मंदिर हैं एक बड़ा मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है और दूसरा छोटा मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इनका निर्माण कश्यप वंश के राजा महिपाल के द्वारा दसवीं शताब्दी में किया गया था।

इस मंदिर में पत्थरों पर इतनी बारीक नक्काशी की गई है जो एकदम जीवंत लगती है दोनों मंदिरों पर रामायण के विभिन्न प्रसंगों के दृश्यों ऊकेरे गए हैं महाभारत के भी दृश्यों का बहुत ही अद्भुत अंकन हुआ है और ऋषि वात्स्यायन द्वारा लिखित कामसूत्र के अद्भुत आसनों का भी इसमें बेहद बारीकी से अंकन हुआ है जो देखते ही बनता है।

एक और किवदन्ति है कि मेवाड़ की राजमाता ने यह बड़ा विष्णु मंदिर बनाया और बाद में उनकी बहू के द्वारा छोटा मंदिर भगवान शिव का बनाया इसलिए इसको सास बहू का मंदिर भी स्थानीय लोग कह कर पुकारते हैं।

यह अपने आप में दोनों मंदिर अदभुत रहे हैं जिनकी तुलना इस क्षेत्र में कहीं पर भी नहीं की जा सकती। जो लोग उदयपुर आते हैं वह नाथद्वारा, हल्दीघाटी देखने के बाद इस मंदिर को देखने जरूर आते हैं हालांकि यह मंदिर इतना प्रसिद्ध नहीं है फिर भी भारत की अद्भुत और अनजानी धरोहरों में से मंदिरों का यह समूह है।



मरू गुर्जर स्थापत्य शैली एक अद्भुत शैली है जो राजस्थान में गुर्जर प्रतिहार वंश के राजाओं के द्वारा निर्मित विभिन्न महल और मंदिरों में प्रस्तर पर ऊकेरी गई प्रतिमाओं, झरोकों और खिड़कियों में बारीक नक्काशी का जो कार्य किया जाता है यहां के कारीगर काफी कला कौशल वाले और चतुर सुजान होते हैं जिन्हें दृश्य को ससमझाने की जरूरत होती है बाकी उनकी कल्पनाशीलता काम करती है जो अपने आप में अपने अद्भुत है। प्रस्तुत कलाकारों में अद्भुत धैर्य होता है। महीनों तक यह अनगढ़ स्तर को छैनियों से और हथौड़े से धीरे-धीरे धैर्य पूर्वक काम करते हुए उसे एक मूर्ति अथवा एक दृश्य के रूप में जीवंत कर देते हैं। नागदा का यह साहस्त्र बाहु मंदिर समूह छिपा हुआ खजाना है जिस पर आम पर्यटक की दृष्टि नहीं जाती है।

# फ्रिज का इस्तेमाल कैसे करें

हरेराम शर्मा 'मजरूम'



जब आपके घर में फ्रिज आ जाता है तो आपके घर में रोगाणु भी प्रवेश कर जाते हैं। इसके पीछे क्या रहस्य छुपा है? वैसे तो फ्रिज एक घरेलू व उपयोगी उपकरण है जिसके द्वारा खाद्य पदार्थों को काफी लम्बे समय तक ताजा बनाये रखा जा सकता है। साधारणतः फ्रिज नुकसान नहीं पहुंचाता लेकिन इसके गलत इस्तेमाल का तरीका रोगाणु फैला देता है।

प्रायः देखा जाता है कि घरों में फल-सब्जियों आदि को फ्रिज में ताजा रखने हेतु बगैर धोये ही रख दिया जाता है और वह भी ऊटपटांग तरीके से। इस तरह से फ्रिज का इस्तेमाल रोगाणु ही फैलाता है। क्या आपने जानने की कोशिश की है कि फल तथा सब्जियां भी हमारी ही तरह सांस लेती हैं। इससे उन पदार्थों में ऑक्सीजन का प्रज्ज्वलन होता है, साथ में शक्कर भी जलती है जिससे कार्बन डाईऑक्साइड, पानी और गरमी पैदा होती है।

फ्रिज खाद्य-पदार्थों को अधिक समय तक ताजा केवल एक सीमा तक शीतलता के कारण ही रखता है। देखने में तो फल व सब्जियां पहले जैसी ही दिखती हैं लेकिन उनकी सुगंध व स्वाद अलग तरह का हो जाता है। ऐसा होने से उनकी पौष्टिकता भी कम हो जाती है। ऐसा उनमें बैक्टीरिया के संक्रमण से होता है। यह खाद्य-पदार्थों को खराब कर देता है जिन्हें खाने से शरीर में रोग उत्पन्न हो जाते हैं। फ्रिज इस्तेमाल करने वाले घरों में सर्दी, जुकाम व खांसी जैसी बीमारियां आम हो जाती हैं।

फ्रिज में खाद्य-पदार्थों को ताजा रखने हेतु केवल 24 घण्टे तक ही रखना चाहिए। इससे अधिक समय तक रखने से उन खाद्य-पदार्थों में जीवाणुओं का संक्रमण हो जाता है। इसी प्रकार फ्रिज में रखी बोतलों के पानी को भी 24 घंटे के अंदर इस्तेमाल कर लेना चाहिए या पानी बदल देना चाहिए क्योंकि ज्यादा समय पुराना पानी संक्रमित हो जाता है जिसके पीने से सर्दी, जुकाम, खांसी तथा अन्य बीमारियां अपनी जगह बना लेती हैं।

फ्रिज में फल व सब्जियां रखने से पूर्व उन्हें हल्के गर्म पानी से धोकर साफ कपड़े से पोंछने के बाद ही फ्रिज में रखना चाहिए तथा फ्रिज के फल व सब्जियों को इस्तेमाल करने से पहले भी उन्हें स्वच्छ पानी से धो लेना चाहिए।

फ्रिज में रखे दही का प्रयोग 12 घण्टे के अंदर कर लेना चाहिए। यदि 12 घण्टे से ज्यादा समय तक दही फ्रिज में पड़ा रह जाये तो इसका प्रयोग बेसन मिलाकर कढ़ी में करना चाहिए क्योंकि रोगाणु उबलने पर खत्म हो जाते हैं। यदि ऐसा न किया जाए तो जोड़ों में दर्द, सर्दी, पेट के रोग, मूत्रा रोग आदि की संभावना होने लगती है।

वैज्ञानिकों ने अनेक प्रयोगों के दौरान पाया कि फल तथा सब्जियों को खुले रखने की बजाय उन्हें अच्छे साफ प्लास्टिक के आवरण में रखा जाए तो इससे ये खाद्य पदार्थ 35 घण्टे तक ताजा व स्वादयुक्त बने रहते हैं लेकिन एक प्लास्टिक के आवरण का प्रयोग तीन बार से ज्यादा नहीं करना चाहिए। प्लास्टिक में खाद्य-पदार्थों को रखने से उनके सांस लेने की प्रक्रिया काफी हद तक रूक जाती है जिससे चीजें ज्यादा देर तक ताजी बनी रहती हैं। साथ ही फ्रिज की हर हफ्ते अच्छी तरह से साफ-सफाई भी की जानी चाहिए तथा चालू हालत में फ्रिज को ज्यादा देर तक खुला नहीं रखना चाहिए। थोड़ी सी सावधानी से जिंदगी को बेहतर बनाया जा सकता है। (उर्वशी)

# बिन्दिया: आवश्यक सौंदर्य प्रसाधन

सत्य देव कुमार

सौंदर्य और नारी का रिश्ता बादल और बिजली की भांति है। जहां सौंदर्य नारी को प्रकृति का अनुपम उपहार है, वहीं श्रृंगार नारी का आदिम स्वभाव और अधिकार है। हर युग में श्रृंगार के तौर-तरीके और सौंदर्य के मापदण्ड बदलते रहे हैं।



जहां तक भारतीय महिलाओं के परम्परागत श्रृंगार प्रसाधनों का प्रश्न है, शायद बिंदिया ही सर्वाधिक लोकप्रिय श्रृंगार साधन है। भारत में बिन्दी लगाने की प्रथा बहुत प्राचीन है। इसका महत्त्व इसलिए और भी अधिक बढ़ जाता है क्योंकि महिलाएं इसको सुहाग-चिन्ह के रूप में इस्तेमाल करती हैं। अब तो फैशन के बदलते दौर में बिन्दिया एक आवश्यक श्रृंगार-प्रसाधन बन चुकी है। बिन्दिया के बिना ललाट श्रीहीन-सा लगता है।

उचित रूप से लगाई गई बिन्दिया सुहाग-बोध को प्रकट करने के साथ मुखमण्डल के आकर्षण में भी चार चांद लगा देती है। अन्य सौंदर्य प्रसाधनों के इस्तेमाल की भांति बिन्दी लगाने की कला आना भी एक आवश्यक बात है। बिन्दी लगा लेने मात्रा से इस सज्जा की पूर्णता नहीं हो जाती। व्यक्तित्व के अनुरूप रंग, आकार और डिजाइन के चयन में ही इस श्रृंगार प्रसाधन की सार्थकता है।

सबसे पहले हमें ललाट पर बिन्दी लगाने के सही स्थान के बारे में जानकारी होनी चाहिए। बिन्दिया लगाने का उपयुक्त स्थान ललाट पर शीर्ष ग्रन्थि (पिनिअल ग्लैण्ड) के ऊपर होता है। माथे पर हर कहीं बिन्दी चिपका लेने से आपका फूहड़पन तो झलकेगा ही, साथ ही आपके चेहरे का आकर्षण भी कम हो जाएगा।

बिन्दी की मनोहर सजावट के लिए चेहरे की बनावट और रंग रूप का भी विशिष्ट स्थान होता है। जहां गेंहुए रंग पर गहरे लाल एवं कत्थई रंग की बिन्दिया फबती है, वहीं सांवले रंग के चेहरे पर सन्दली एवं बैंगनी रंग की बिन्दिया अधिक सुन्दर लगती है। श्याम वर्ण पर लाल, हरी, गुलाबी रंग की सुन्दर बिन्दिया खिलती हैं।

गोलाकार मुखाकृतिवाली महिलाओं को लम्बी बिन्दिया लगानी चाहिए जबकि लम्बे मुख पर गोल बिन्दी अधिक आकर्षक लगेगी। अण्डाकार चेहरे पर दो छोटी-छोटी बिन्दी के ऊपर एक छोटी बिन्दी सौन्दर्य में वृद्धि करती है। छोटे आकार के चेहरे पर तिलक के आकार की लम्बी बिन्दी सुशोभित होती है।

चौड़े ललाट के मध्य बिन्दी लगानी चाहिए। ललाट की चौड़ाई कम होने पर ठीक भौंहों के बीचों बीच बिन्दिया लगाइए। पतली धनुषाकार भौहों के बीचोंबीच छोटी सी बिन्दी बहुत ही खूबसूरत लगती है। बिन्दिया के आकार एवं रंगों के समुचित चुनाव से चेहरे एवं ललाट की स्थूल बारीक रेखाओं में बहुत आकर्षण उत्पन्न किया जा सकता है।

वस्त्रों के रंगों के अनुरूप बिन्दिया का चयन भी आवश्यक है। (उर्वशी)

# बच्चों को दें हैल्दी टिफिन



सुनीता गाबा

बच्चों की पसन्द का टिफिन देना हर मां के लिए एक समस्या है क्योंकि बच्चे जो खाना चाहते हैं, मां उन्हें आसानी से देना नहीं चाहती। अधिकतर बच्चों की चाहत जंक और फास्ट फूड हैं जो बच्चों को शारीरिक एनर्जी कुछ समय के लिए तो देते हैं और भूख भी शांत करते हैं पर बच्चों को उनसे पौष्टिकता नहीं मिलती जिसका परिणाम है बच्चों का वजन तेजी से बढ़ना, मधुमेह का शिकार होना आदि। या तो बच्चे ओवरवेट हो जाते हैं या अंडरवेट जो हर हाल में बच्चों के लिए खतरनाक ही है।

### कुछ हैल्दी ब्रेकफास्ट हैं जो आप बच्चों को बदल-बदल कर टिफिन में दे सकते हैं।

**क्या दें:-**

◆ बच्चों को ब्राउन ब्रेड, गोल बंद का सैंडविच काटेज पनीर या चीज़ के स्लाइस के साथ दे सकते हैं। कोशिश करें उनमें बंद गोभी, गाजर, मटर, आलू को हलका उबाल कर मसाला, सास या चटनी डालकर ब्रेड में भर कर दे सकते हैं।

◆ बच्चों को स्टफ्ड परांठा टिफिन में दें। परांठे में पनीर, मूली, फूल गोभी प्याज, आलू भर सकते हैं। स्टफ्ड परांठे के साथ थोड़ा-सा फ्रूट जैम भी रख सकते हैं। बच्चे खुशी से परांठा खा लेंगे।

◆ कभी-कभी बच्चों को उबले अंडे से बने सैंडविच भी दे सकते हैं। अंडों को उबालकर छील लें। पतले स्लाइस काटकर ब्राउन ब्रेड पर हल्की सी सास या चीज स्प्रेड लगाकर उन पर उबले अंडों के टुकड़े, चीज स्लाइस रख कर भी दे सकते हैं।

◆ बच्चों के टिफिन में फ्रूट चाट बना कर भी डाल सकते हैं। यदि बच्चा फ्रूटचाट पसंद नहीं करता तो केला, गाजर सेब, नाशपाती, अमरूद धो पोंछकर टिफिन के साथ दे सकते हैं। बच्चों को फ्रूट से पौष्टिकता भी प्रदान होगी।

◆ सर्दियों में अंकुरित दालें, उनमें खीरा, गाजर, टमाटर, प्याज, धनियां नींबू मिला कर भी दे सकते हैं। चाहें तो कुछ बादाम, किशमिश काटकर भी मिला सकते हैं।

◆ इडली में सब्जियां जैसे गाजर, मटर, टमाटर, प्याज आदि डालकर वेजिटेबल इडली तैयार कर दे सकते हैं।

◆ बच्चे नूडल्स खाने के शौकीन हों तो उसमें खूब सारी सब्जियां डालकर दे सकते हैं जिससे बच्चों के आहार में कुछ सब्जियां भी शमिल हो जाएंगी।

◆ अंडा खाने के शौकीन बच्चों को 'एग-डोसा' बना कर दे सकते हैं। फूलगोभी, मटर, गाजर, प्याज, टमाटर को हलका सा भून कर अलग रख लें। दो अंडों को फेंट कर आमलेट तैयार कर भुनी सब्जियां उनमें भर कर रोल बना कर दे सकते हैं। इसी प्रकार डोसा या परांठा रोल भी दिया जा सकता है। (उर्वशी)

# स्किन केयर जरूरी है सोने से पहले भी



सुनीता गाबा

अधिकतर महिलाएं सुबह नहा धोकर तैयार होती हैं तभी अपनी त्वचा पर क्रीम,पाउडर या अन्य प्रसाधन सामग्री का जरूरत अनुसार प्रयोग करती हैं। पर उन्हें यह नहीं पता होता कि दिन की तरह रात्रि में सोने से पहले त्वचा को देखभाल की आवश्यकता होती है। अधिक से अधिक वे रात्रि में सोने से पहले मेकअप मुंह धोकर उतार लेती हैं पर त्वचा की सही देखभाल मुंह धोने मात्रा से ही नहीं होती। आइए ध्यान दें कुछ स्टेप्स पर जो स्किन केयर के लिए जरूरी हैं-

▲ रात्रि में सोने से पूर्व मेकअप उतारने के लिए मेकअप रिमूवर का प्रयोग करें। इससे आपकी त्वचा का पीएच बैंलेंस ठीक बना रहेगा।

▲ मेकअप रिमूवर से साफ करने के बाद क्लींजर से अच्छी तरह मसाज कर त्वचा की सफाई करें, फिर कुनकुने पानी से चेहरा,गर्दन धोएं। कुनकुने पानी से त्वचा के पोर खुलेंगे जिससे गंदगी और बैक्टीरिया निकल पाएंगे।

▲ त्वचा पर स्क्रबिंग सप्ताह में दो बार से अधिक न करें। अगर ब्लैकहैड्स हैं तो स्क्रब कर उन्हें निकालें।

▲ रात्रि में भी माश्चराइजर का प्रयोग अवश्य करें। खुली त्वचा पर माश्चराइजर अवश्य लगाएं। रात्रि में माइश्चराइजर विटामिंस और मिनरल बेस्ड वाला लगाएं या माश्चराइजर युक्त क्रीम भी लगा सकते हैं।

▲ हाथों और पैरों को भी अच्छी तरह धो पोंछ कर माश्चराइजर लगाएं ताकि इनकी त्वचा भी कोमल बनी रहे। (उर्वशी)

# आजमाएं इन्हें भी

❋ सूप सर्व करने से पहले सफेद मक्खन और काली मिर्च पाउडर का प्रयोग करें। सूप का स्वाद और खुशबू दोनों बढ़िया होंगे।

❋ सूप को गाढ़ा करने के लिए कार्नफ्लोर मिलाएं। दूसरा तरीका है सूप छानने के बाद बचे गूदे को ग्राइंडर से पीस कर सूप में मिलाकर उबाल लें।

❋ लैंडलाइन फोन, हेडफोन, ईयर प्लग, चार्जर या कोई और तारें बार बार उलझती हों तो उसमें क्लिप या क्लचर लगाकर रखें। बार- बार उलझने की परेशानी से बच सकेंगे।

❋ घर में दोस्तों या सहेलियों के संग छोटी सी पार्टी है तो अपने आई-पॉड या मोबाइल को एक बाउल में रखें। इससे आवाज ज्यादा तेज आएगी और पार्टी का मजा दोगुना हो जाएगा।

❋ कपड़े संभालने के लिए अलमारी छोटी पड़ रही हो तो अपनी डेक्रसेज को आड़ा( वर्टिकली) रखें। बहुत सी डेक्रसेज उस खाने में आ जाएंगी और आपको अपने स्टॉक का भी सही आइडिया हो जाएगा।


❋ अगर गाड़ी की हेडलाइट धुंधली लगे तो एक साफ नर्म कपड़े पर थोड़ा सा टूथपेस्ट लगाकर उस हेडलाइट को रगड़ें। वे चमक उठेंगी। बिना पैसा ज्यादा खर्च किए परिणाम बेहतर मिलेगा।

❋ आपकी सीडी बार बार स्किप कर रही हो तो एक केला लेकर उस पर रगड़ दें। उस पर डले स्क्रैच मिट जाएंगे। ध्यान दें जब सीडी वापिस रखें तो उसे पोंछ कर रखें।

❋ पकौड़ों को क्रिस्पी और फ्लफी बनाने हेतु बेसन में दो चम्मच दही मिलाकर 1 घंटे के लिए रख दें। उसके पश्चात पकौड़े बनाएं। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर: बनाइए लाजवाब कढ़ी



रूबी

### मेथिया कढ़ी

**सामग्री:-** चार कटोरी छाछ, चार बड़े चम्मच बेसन, आधा चम्मच हल्दी पाउडर, आधा चम्मच मिर्च पाउडर, आधा चम्मच जीरा पाउडर, चार गड्डी मेथी की ताजी पत्तियां, आधा चम्मच साबुत जीरा, दो सूखी लाल मिर्च, आधी चम्मच चीनी, चार हरी मिर्च, हींग पाउडर एक चौथाई चम्मच, नमक स्वादानुसार, तेल तीन बड़े चम्मच।

**विधि:-** कड़ाही में छाछ डाल कर आंच पर रखें। एक कटोरी में चार चम्मच बेसन, हल्दी पाउडर, जीरा पाउडर व नमक डाल कर पानी में घोलें। इस घोल को छाछ में डाल कर अच्छी तरह पकने दें। हरी मिर्च चीर कर छाछ में डालें। मेथी की पत्तियों को धोकर बारीक काट लें और इसमें डालें। ढक्कन लगा कर धीमी आंच में पकाते हुए कढ़ी थोड़ी गाढ़ी होने पर आंच से उतार लें।

तड़के के लिए अन्य छोटी कड़ाही में तेल गरम करने के पश्चात सूखी मिर्च, जीरा डालें। चटखने के बाद हींग व लाल मिर्च डाल कर तुरंत बन्द कर दें और कढ़ी वाली कड़ाही में इसे उड़ेल दें। साथ ही तुरंत ढक कर रख दें। चाहें तो आप इसमें छोटी-छोटी मेथी और बेसन के पकौड़े बना कर डालें तो स्वाद दुगुना हो जाएगा। पकौड़े उतारते समय डालें। इस कड़ी को चाहें तो बाजरे की रोटियों के साथ या सादे चावल के साथ भी ले सकती हैं।

### मिली-जुली सब्जियों की कढ़ी

**सामग्री:-** चार कटोरी छाछ, चार बड़े चम्मच बेसन, दो मध्यम आकार के बैंगन, चार-पांच फलियां, एक बड़ा प्याज, बड़ा टुकड़ा लौकी या पपीते का, हरी मिर्च चार-पांच, जीरा पाउडर आधा चम्मच, हल्दी पाउडर आधा चम्मच, एक चौथाई चम्मच हींग, दो सूखी लाल मिर्च, आधा चम्मच राई, आधा चम्मच जीरा, मीठी नीम की एक टहनी, नमक स्वादानुसार, तेल तीन बड़े चम्मच।

**विधि:-** कड़ाही में छाछ आंच पर रखें। एक कटोरी में बेसन हल्दी पाउडर व नमक पानी के साथ घोलें तथा इसे छाछ में डालें। बैंगन, प्याज, लौकी, हरी मिर्च, फली को भी लम्बे आकार में काट कर डालें। धीमी आंच पर कढ़ी गाढ़ी होने तक पकाती रहें। गाढ़ी होने तक सब्जियां भी पक जाएंगी। अब इसे आंच से उतार लीजिए। अन्य छोटी कड़ाही में तेल गरम कीजिए और जीरा, राई, सूखी लाल मिर्च व हींग डाल कर कढ़ी में उडेल़ दें। तुरंत ढक्कन बंद कर दें। चाहें तो आप इसमें बेसन की सादी पकौड़ियां भी बना कर उतारते समय डाल सकते हैं। इसे सादे चावल के साथ परोसें।

### पकौड़ी कढ़ी

**सामग्री:-** चार कटोरी छाछ, चार बड़े चम्मच बेसन (छाछ के लिए), हरी धनिये की दो गड्डियां, हरी मिर्च चार-पांच, जीरा पाउडर आधा चम्मच, हल्दी पाउडर आधा चम्मच, मिर्च पाउडर आधा चम्मच, दो बड़े प्याज, आधा चम्मच साबुत जीरा, एक चौथाई चम्मच हींग पाउडर, एक कटोरी बेसन (पकौड़ी के लिए), नमक स्वादानुसार, तेल तड़के व पकौड़ियां तलने के लिए।

**विधि:-** कड़ाही में छाछ डाल कर आंच पर रखें। एक कटोरी में बेसन चार चम्मच, हल्दी व जीरा पाउडर व नमक को पानी में घोलें तथा छाछ में डालें। धीमी आंच पर कढ़ी गाढ़ी हो जाने पर आंच से उतार लें। एक बर्तन में प्याज हरी मिर्च व आधी हरी धनियां को बेसन के साथ गाढ़ा घोल कर तेल में छोटी-छोटी पकौड़ियां तलती जाएं। इन्हें कढ़ी में डाल दें। अब एक अन्य कड़ाही में तीन बड़े चम्मच तेल डाल कर गरम होने दें। इसमें सूखी लाल मिर्च, जीरा, राई, डालें। चटखने के पश्चात इसमें हींग व लाल मिर्च डाल कर तुरंत कढ़ी में उडेल़ दें। अंत में हरी धनियां डाल कर सजाएं तथा सादे चावल या रोटी के साथ परोसें।


### लौकी कढ़ी

**सामग्री:-** चार कटोरी छाछ, चार बड़े चम्मच बेसन, हरी मिर्च चार-पांच, एक बड़ा टुकड़ा लौकी, साबुत जीरा आधा चम्मच, राई आधा चम्मच, कढ़ी पत्ते की टहनी, हींग आधा चम्मच, नमक स्वादानुसार, तीन बड़े चम्मच तेल।

**विधि:-** कड़ाही में छाछ डाल कर आंच पर रखें। एक कटोरी में बेसन हल्दी, जीरा व नमक को पानी से घोल कर कड़ाही में डालें। लौकी को लम्बे आकार में काट कर कढ़ी में डालें। धीमी आंच पर गाढ़ी हो जाने पर इसे आंच से उतार लें। एक अन्य कड़ाही में तेल डाल कर गरम होने पर जीरा, राई, सूखी मिर्च व कड़ी पत्ता डालें। चटखने के बाद हींग व लाल मिर्च पाउडर डाल कर कढ़ी में उडेल़ दें। सादे चावल के साथ परोसें। (उर्वशी)

# गर बैटर हॉफ कमाती हो ज्यादा

नीतू गुप्ता



आधुनिक युग में लड़कियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। वे किसी से कम नहीं रहना चाहती। चाहे क्षेत्रा नौकरी का हो, खेलों का या बिजनेस का, वे हर क्षेत्र में अपना झंडा गाड़ना चाहती हैं। मुश्किल तब आती है जब पत्नी पति से कमाई में या प्रफेशनल स्टेटस में आगे बढ़ जाती हैं। ऐसे में मेल ईगो सामने आ जाता है और हैल्दी मेरिड लाइफ में तनाव आना प्रारंभ हो जाता है।

एक रिसर्च के अनुसार ऐसे पति जिनकी वाइफ उनसे ज्यादा कमाती हैं या प्रफेशनली स्टेटस में ज्यादा हैं, खुश नहीं रहते और धीरे धीरे स्ट्रेस में रहने लगते हैं। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं और अपने रिश्ते सुधारना चाहते हैं तो इन बातों पर गौर करें।

### तलाक नहीं है आप्शन-

अगर आपकी बैटर हॉफ ऐसी किसी स्थिति में आपसे कमाई में आगे निकल गई हो तो स्टेटस में तालमेल बना कर रखना ही हैल्दी आप्शन है न कि तलाक। वैसे तलाक की नौबत शादी के शुरूआती सालों में अधिक आती है क्योंकि तब मेल ईगो सामने अधिक आता है।

पति और पत्नी को सोचना चाहिए कि घर तो आप दोनों से हैं। आफिस में आप जहां भी स्टैंड करते हों पर घर में बराबर स्थान पर हैं, इस बात का विशेष ध्यान रखें। कभी कभी प्रमोशन के बाद या जॉब अच्छी होने पर पत्नियां अधिक बोल्ड हो जाती हैं और कई बड़े फैसले भी स्वयं ले लेती हैं। यह गलत है। घरेलू फैसले मिल कर लेने चाहिए। बोल्डनेस कुछ हद तक तो ठीक है पर अधिक बोल्डनेस आपके गृहस्थ जीवन को खराब कर सकती है।

पत्नी को कभी भी अपने से अधिक स्ट्रांग,पावरफुल और इंडिपेंडेंट नहीं समझना चाहिए। इन बातों से आपसी रोमांटिक संबंध खराब होते हैं और तलाक की स्थिति भी ज्यादा आती है। पत्नी को घर में एक पत्नी, बहू , मां की भूमिका में ही रहना चाहिए न कि बॉस की। मेल ईगो को हर्ट न करें।

### कई वजह और भी हैं-

मेल ईगो के अलावा हमारा समाज पुरूष प्रधान है। कहीं न कहीं यह बात पतियों के दिमाग में घुसी रहती है। उन्हें लगता है कि घर चलाना पति का हक है। पत्नियों को बाहर कमाने के लिए बस परिवार के सपोर्ट हेतु बाहर भेजा जाता है। कहीं न कहीं यह बातें उनके जहन में होती हैं।

### पति घर आकर चाहते हैं-

पति घर आकर चाहते हैं कि पत्नियां घर पर आफिस से आने के बाद उन्हें उतना समय दें जितना नान वर्किंग महिलाएं देती है। वे इस बात पर राजी नहीं होते कि वर्किंग वाइफ के पास इतना समय कैसे होगा। इसी गलत उम्मीद के चलते भी दोनों के रिश्तों में दरार आ जाती है। पति पत्नी से उम्मीद करते हैं कि वह बस एक आम औरत की तरह घर के काम को परफेक्टली करे। वह उसकी हाई प्रोफाइल पोजीशन को नजरअंदाज करते हुए पूरी उम्मीदें लगाकर बैठते हैं।

कभी कभी आर्थिक रूप से भी पति पत्नी के खर्चों पर पूरी नजर रखते हैं और बार बार राय देते हैं कि संभल कर खर्च करो। यह भी एक कारण होता है आपस में तनाव का।

### ऐसे बनें, तब होगा सब सही -

अपनी गृहस्थी को खराब होने से पहले बचा लेने में ही भलाई है। अगर पत्नी को प्रोमोशन मिली है या नई नौकरी में तनख्वाह ज्यादा तो उसकी रिस्पेक्ट करें। वह जो भी कमाएगी, परिवार की भलाई के लिए ही। उसकी पोस्ट के साथ अगर जिम्मेदारी बढ़ गई हो तो घर के काम में मदद करें या काम में बाहरी मदद लें ताकि घर गृहस्थी भली प्रकार चलती रहे।

रिश्तेदारी की जिम्मेदारी को मिलकर निपटाएं। किसी भी तरह का ताना न कसें। कभी कभी बाहर घूमने का प्रोग्राम भी बनाएं, पिक्चर डिनर वगैरह का भी प्रयोग बनाते रहें ताकि वह अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा फ्री महसूस कर सके। रिश्ते में गिफ्ट देते समय भी आपस में डिसकस अवश्य कर लें। तेरा मेरा से बचें और हमारा में विश्वास करें।

पत्नी को भी चाहिए कि कुछ जरूरी घरेलू फैसले मिल कर लें। आर्थिक अर्थव्यवस्था का सदुपयोग कैसे करना है, आपस में विचार विमर्श करें। स्वयं को कभी भी पावरफुल न दिखाएं। अपना व्यक्तित्व सीधा ही रखें। उसमें कंप्लीकेशन पैदा न करें। अपने घर की जिम्मेदारी को दिल से पूरा करने का प्रयास करें। अपने पति को प्यार और अपनापन देती रहें। लेट आना हो, आफिस में काम अधिक हो, मीटिंग में रूकना हो तो समय पर पति को इंफार्म करें ताकि गलतफहमी न हो। मिलकर ध्यान रखेंगे तो बैटर हॉफ भी खुश रहेगी और आप स्वयं भी। (उर्वशी)

# केजरीवाल ने 'शीशमहल-2' पर निजी धन खर्च किया: भाजपा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोधी एस्टेट में आवंटित नए बंगले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर शनिवार को निशाना साधा और इसे 'शीशमहल-2' करार देते हुए आर-ोप लगाया कि इसमें सुविधाएं तैयार करने के लिए निजी धन खर्च किया गया। 'आप' ने इस आरोप से इनकार करते हुए इसे गलत बताया है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल ऐशो-आराम से रहने के आदी हो चुके हैं। वर्मा ने कहा, दिल्ली के




'धुरंधर' मतदाताओं ने जब उन्हें शीशमहल से बाहर कर दिया तो वह पंजाब चले गए जहां उन्होंने एक बंगले पर कब्जा कर लिया और अब उन्होंने लोधी एस्टेट में शीशमहल-2 तैयार कर लिया है। मंत्री ने राष्ट्रीय पार्टी 'आप' के प्रमुख के तौर पर केजरीवाल को केंद्र द्वारा आवंटित 'टाइप-7' बंगले की तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) बंगलों पर इतना पैसा खर्च नहीं करता। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएं तैयार करने के लिए ''निजी धन'' खर्च किया गया। उन्होंने 'आप' और केजरीवाल से सवाल किया कि बंगले पर कितना पैसा खर्च किया गया तथा यह धन कहां से आया। इस बीच, 'आप' नेता आतिशी ने कहा कि वर्मा द्वारा जारी तस्वीरें फर्जी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रवेश वर्मा द्वारा जारी कि गईं सारी तस्वीरें फर्जी हैं। वे केजरीवाल के घर की तस्वीरें नहीं हैं।

## केंद्रीय रेलमंत्री वैष्णव ने बेंगलुरु में बीईएमएल इकाई का दौरा कर 'आदित्य कॉम्प्लेक्स' का उद्घाटन किया



**बेंगलुरु :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां बीईएमएल इकाई का दौरा किया और इसके कामकाज की समीक्षा की। वैष्णव के पास रेलवे के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय का भी प्रभार है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) बेंगलुरु ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि वैष्णव ने बीईएमएल के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भी चर्चा की। मंत्री ने निर्माणाधीन रेलवे डिब्बों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीईएमएल तिप्पसंद्रा परिसर में 'आदित्य' नामक एक विशेष परिसर का उद्घाटन किया, जो हाई-स्पीड रेल के निर्माण के लिए समर्पित है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक दौरे के दौरान मंत्री ने रेखांकित किया कि हाई-स्पीड रेल प्रौद्योगिकी अविश्वसनीय रूप से जटिल है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में इसका विकास स्वदेशी अभियांत्रिकी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रेलमंत्री द्वारा उद्घाटन किए गए आदित्य परिसर को वर्तमान में 'बी-28 कोच' के विकास के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने हाई-स्पीड रेल की परिवर्तनकारी शक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन रेलगाड़ियों के परिचालन में आने से प्रमुख शहर एक दूसरे के विस्तार के रूप में दिखाई देने लगेंगे। वैष्णव ने चेन्नई और बेंगलुरु के बीच यात्रा के समय का उदाहरण दिया, जिसके घटकर मात्र 73 मिनट होने की उम्मीद है, जिससे प्रभावी रूप से दोनों शहर एक एकीकृत केंद्र का हिस्सा बन जाएंगे। रेलमंत्री ने मुंबई और बेंगलुरु के लिए कहा कि दो नई सेवाओं की शुरुआत से संपर्क में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि हुबली के रास्ते एलएचबी कोच वाली एक नई मेल एक्सप्रेस की शुरुआत की जाएगी और वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का परिचालन भी जल्द ही शुरू होने वाला है।

## कश्मीर घाटी में रूक-रूक कर वर्षा होने से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**श्रीनगर :** कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में शनिवार को रूक-रूक कर बारिश हुई, जिससे लोगों को लू से राहत मिली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि मौसम विभाग ने अगले सप्ताह के शुरु में एक बार फिर बारिश होने का अनुमान लगाया है। ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर समेत कश्मीर के मैदानी इलाकों में शनिवार सुबह तक लगातार बारिश होती रही। जोजिला दर्रे में हल्की बर्फबारी की भी खबर है। दोपहर में मौसम में सुधार आया। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आयी है जिससे पिछले कुछ दिनों से घाटी में व्याप्त लू से लोगों को राहत मिली। श्रीनगर में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री से अधिक था। न्यूनतम तापमान भी औसत से लगभग पांच डिग्री अधिक रहा। सामान्य तौर पर, शुक्रवार को कश्मीर के अधिकतर स्थानों पर तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक था। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, शनिवार को बारिश और बादल छाए रहने के कारण तापमान गिरकर 21.2 डिग्री सेल्सियस हो गया - जो पिछले दिन की तुलना में लगभग सात डिग्री कम और औसत से लगभग एक डिग्री कम था।

## जम्मू कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में मादक पदार्थ तस्करों से जुड़ी 3.5 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को श्रीनगर में मादक पदार्थ तस्करों से जुड़े साढ़े तीन करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस अभियान और नशा मुक्त जम्मू कश्मीर अभियान के तहत की गई। उन्होंने कहा कि संगम पुलिस थाने में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) अधिनियम की धारा 68एफ के तहत मामले के दो आरोपियों से जुड़ी दो अचल संपत्तियां कुर्क की। प्रवक्ता के अनुसार, दोनों आरोपियों की पहचान नूरबाग में क्रेशबल इलाके के निवासी शकील अहमद गनी और फारूक अहमद मीर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गनी के दो मंजिला आवासीय घर और उसके साथ लगी एक कनाल भूमि को कुर्क कर किया है, जिसकी कीमत दो करोड़ रुपये से अधिक है।

## अभ्यास के माध्यम से नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा करने पर जोर : न्यायमूर्ति साहू

**पटना :** पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने शनिवार को अभ्यास (मॉक ड्रिल) के माध्यम से नागरिकों में सुरक्षा और संरक्षा की भावना पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वह पटना उच्च न्यायालय परिसर में बिहार पुलिस के आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा आयोजित एक उच्च स्तरीय प्रदर्शन और अभ्यास के बारे बोल रहे थे। बिहार पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, साहू ने कहा, नागरिकों में सुरक्षा और संरक्षा की भावना पैदा करना संवैधानिक जिम्मेदारी है। इस तरह के अभ्यास न केवल प्रतीकात्मक हैं बल्कि सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों को प्रदर्शित करने और जनता का विश्वास मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण हैं। इसमें कहा गया है कि अभ्यास में आतंकवाद से संबंधित आकस्मिक स्थितियों का अनुकरण किया गया और एटीएस कर्मियों द्वारा त्वरित और समन्वित कार्रवाई का प्रदर्शन किया गया।

## मुठभेड़ में गैंगस्टर की मौत के 27 साल बाद उसके भतीजे ने कथित मुखबिर की हत्या की

**मुंबई :** मुंबई में पुलिस मुठभेड़ में एक गैंगस्टर की मौत के करीब तीन दशक बाद उसके भतीजे और एक अन्य व्यक्ति को 78 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों को शक था कि बुजुर्ग पुलिस मुखबिर था। अधिकारी ने बताया कि मृत गैंगस्टर सादिक कालिया के भतीजे सादिक जवार (29) और उसके सहयोगी नौशाद मिथानी ने दक्षिण मुंबई के नागपाड़ा इलाके में इस सप्ताह की शुरुआत में इकबाल इब्राहिम सेलिया की हत्या की थी। करीब 27 साल पहले मुठभेड़ में सादिक कालिया की मौत के समय जवार बहुत छोटा था।

## गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव: करीब 10,000 उम्मीदवार मैदान में, कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान

**अहमदाबाद :** गुजरात में रविवार को होने वाले स्थानीय और नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। वहीं ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) इन दलों के मुश्किलें खड़ी करने की उम्मीद कर रही है। भाजपा के लिए चुनौती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य में लगभग तीन दशकों से जारी अपने राजनीतिक वर्चस्व को बरकरार रखना है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे समाप्त होगा। आवश्यकता पड़ने पर अगले दिन पुनः मतदान होगा और मतों की गिनती 28 अप्रैल को होगी। अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट सहित 15 नगर निगमों, 84 नगर पालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों में कुल 9,992 स्थानीय प्रतिनिधि चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें 4.18 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पात्र हैं। यह चुनाव अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के लिए संशोधित मानदंडों के तहत हो रहे हैं, जिसके लिए कई जिलों में व्यापक परिसीमन और वार्ड के पुनर्गठन की आवश्यकता पड़ी।

## आप अब पहले जैसी पार्टी नहीं रही, केजरीवाल के साथ कोई काम नहीं कर सकता: स्वाति मालीवाल

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी से बगावत कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुईं स्वाति मालीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि उनकी पूर्व पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से ''भटक गई'' है और इसके नेता अरविंद केजरीवाल अब पहले जैसे नहीं हैं। दिल्ली में सत्ता गंवाने के महज एक साल बाद 'आप' को शुक्रवार को उस समय सबसे बड़ा झटका लगा, जब राघव चड्ढा और मालीवाल समेत सात राज्यसभा सदस्यों ने एक साथ पार्टी छोड़ दी। बागियों में पार्टी संगठन के अहम चेहरे संदीप पाठक, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम साहनी भी शामिल हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद मालीवाल ने



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''निर्णायक और मजबूत नेतृत्व'' की तारीफ की। मालीवाल ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''मैंने घर छोड़ा, सात साल झुग्गियों में रही, नौकरी छोड़ी और हर आंदोलन में साथ दिया। लेकिन जब केजरीवाल के घर उनके सहयोगी ने मुझ पर हमला किया और मैंने प्राथमिकी दर्ज कराने की कोशिश की, तो मुझे ही दबाया गया।'' उन्होंने दावा किया कि जब वह शिकायत आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही थीं तो उन्हें ''धमकाया और दबाया'' गया। मालीवाल ने कहा, ''दो साल तक मुझ पर मामला वापस लेने का दबाव डाला गया, लेकिन मैं नहीं झुकी। इसी वजह से पार्टी ने संसद में मुझे एक मिनट भी बोलने का मौका नहीं दिया।'' उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी पूरी तरह बदल चुकी है और अब ''झूठ, भ्रष्टाचार तथा गुंडागर्दी'' के लिए पहचानी जाती है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''असली विश्वासघात पार्टी छोड़ना नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों को छोड़ना है। लोग डर से नहीं, केजरीवाल की वजह से पार्टी छोड़ रहे हैं।''

## एसआरसीसी के शासी मंडल ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की, स्मृति डाक टिकट जारी किया गया




**नयी दिल्ली :** श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के शासी मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने इस दौरान देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक एसआरसीसी के 100 साल पूरे होने के अवसर पर एक स्मृति डाक टिकट जारी किया। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, भारत के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शासी मंडल के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस संस्थान को मेरी ओर से शुभकामनाएं। कॉलेज की वेबसाइट के अनुसार, संस्थान की स्थापना 1920 में बसंत पंचमी के दिन हुई थी, जब श्रीराम नामक कारोबारी के नेतृत्व में सात प्रमुख व्यापारियों ने दिल्ली में 'कमर्शियल एजुकेशन ट्रस्ट' की स्थापना की थी। इसी ट्रस्ट ने उसी वर्ष पुरानी दिल्ली के चरखेवाला क्षेत्र में 'द कमर्शियल स्कूल' के नाम से पहला स्कूल शुरू किया था। 1926 में यह कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध हो गया। इसके छह साल बाद इसे डिग्री कॉलेज का दर्जा मिला, जिसके बाद बीए (पास) (कॉमर्स ग्रुप) की डिग्री दी जाने लगी। साल 1943 में बीए (ऑनर्स) (कॉमर्स ग्रुप) शुरू किया गया। उसी साल एमए (अर्थशास्त्र) पाठ्यक्रम भी शुरू हुआ, जबकि 1948 में कॉमर्स में मास्टर डिग्री की शुरुआत हुई। साल 1949 में जब दिल्ली विश्वविद्यालय में बीकॉम (ऑनर्स) शुरू हुआ, तब कॉलेज ने भी यह पाठ्यक्रम शुरू किया।

## 'अप्रकाशित पुस्तक के लिए मेरा हवाला देना और इसमें घसीटना उचित नहीं था': पूर्व थलसेना प्रमुख नरवणे

### राहुल गांधी ने संसद में किया था पुस्तक के अंशों का उल्लेख

**नयी दिल्ली :** पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने अपने अप्रकाशित संस्मरण 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर इस साल की शुरुआत में हुए विवाद के संदर्भ में कहा है कि अनावश्यक रूप से उनका हवाला देना और पुस्तक के लिए उन्हें सुर्खियों में लाना ''उचित नहीं था।'' जनरल नरवणे ने कहा कि वह उस विवाद से आगे बढ़ चुके हैं और तब से दो पुस्तकें लिख चुके हैं तथा तीसरी पुस्तक जल्द आने वाली है। उन्होंने हाल में अपनी पुस्तक 'द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइड: अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज' का विमोचन किया था। नरवणे ने 'पीटीआई वीडियो' से साक्षात्कार में कहा, ''रक्षा मंत्रालय



ने प्रकाशक से कहा था कि जब तक पुस्तक का निरीक्षण न हो जाए, इसे रोककर रखा जाए। जहां तक मेरा सवाल है, मामला वहीं खत्म हो गया था और मैं आगे बढ़ चुका हूं... इसलिए वह अध्याय बंद हो चुका है। मुझे लगता है कि अनावश्यक रूप से मेरा हवाला देना और अप्रकाशित पुस्तक को एवं परोक्ष रूप से मुझे भी सुर्खियों में घसीटना उचित नहीं था।'' कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस साल फरवरी में लोकसभा में इस संस्मरण के अंशों का उल्लेख करने से रोक दिया गया था, क्योंकि यह अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। रूपा पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित नरवणे की हालिया पुस्तक 'द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइड: अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज' में भारतीय थलसेना, नौसेना और वायु सेना से जुड़े किस्सों, कहानियों और रोचक पहलुओं का जिक्र किया गया है। नरवणे ने अपनी पुस्तक में बताया है कि सैन्य अभिवादन 'जय हिंद' को अपनाए जाने की शुरुआत कैसे हुई।

## उद्धव ठाकरे के साथ कोई गुप्त बैठक नहीं हुई: फडणवीस



**नासिक :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मुलाकात की बात से इनकार कर दिया। खबर थी कि दोनों नेताओं ने मुंबई में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर बातचीत की थी। फडणवीस ने त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दर्शन करने के बाद पत्रकारों से कहा, उद्धव ठाकरे के साथ गुप्त बैठक का क्या कारण है? हमारे पास गुप्त रूप से चर्चा करने के लिए कोई विषय नहीं है। अगर उद्धव ठाकरे मुझसे मिलना भी चाहें, तो हम खुलेआम मिल सकते हैं। ऐसी कोई बैठक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर झूठी खबरें फैला रहे हैं और ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स को नोटिस भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा, ऐसे फर्जी समाचार खातों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) से जुड़े एक मीडिया हाउस ने दावा किया था कि फडणवीस और ठाकरे ने बुधवार की आधी रात को मुंबई में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में मुलाकात की थी। छत्रपति शिवाजी महाराज और समर्थ रामदास के बीच ऐतिहासिक मुलाकात के बारे में धीरेंद्र शास्त्री की टिप्पणियों के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे द्वारा पढ़े गए इतिहास या उपलब्ध पुस्तकों में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है।

## मणिपुर में प्रदर्शन के बीच, मुख्यमंत्री ने दो बच्चों के परिवारों से उनके शव लेने की अपील की

**इंफाल :** मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने बिष्णुपुर जिले में बम हमले में मारे गए दो बच्चों के परिवार से शनिवार को अपील की कि वे उनके शवों को स्वीकार कर लें, जो दो सप्ताह से अधिक समय से मुर्दाघर में रखे हुए हैं। बिष्णुपुर जिले के ट्रोंगलाओबी में सात अप्रैल को विस्फोट में पांच वर्षीय एक लड़के और उसकी छह माह की बहन की मौत हो गई। उनके परिवार वालों ने कहा था कि जब तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, वे शवों को स्वीकार नहीं करेंगे। कोकोमी प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार हमले के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा, हम मृतकों के परिवारों और घटना के संबंध में गठित संयुक्त कार्रवाई समिति से भी बातचीत कर रहे हैं। राज्य सरकार को इस बात का गहरा दुख है कि दोनों बच्चों के शव मुर्दाघर में हैं। सिंह ने राज्य में शांति बहाल करने के लिए संवाद और सहयोग का भी आह्वान किया तथा कहा कि लंबे समय तक बंद और अशांति से दिहाड़ी मजदूर एवं विद्यार्थी भावित हो रहे हैं। इससे पहले दिन में, मणिपुर अखंडता समन्वय समिति (कोकोमी) के बैनर तले हजारों लोगों ने यहां दो बच्चों के लिए न्याय, विस्थापित लोगों के पुनर्वास और स्थायी शांति की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

## आरएसएस स्वयंसेवकों का मिशन एक व्यक्ति को बेहतर मनुष्य के रूप में बदलना है : भागवत



**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भगवत ने शनिवार को कहा कि आरएसएस के स्वयंसेवकों का काम किसी व्यक्ति को बेहतर मनुष्य के रूप में बदलना है। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आरएसएस और एबीवीपी के पूर्व नेता यशवंतराव केलकर की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भागवत ने कहा कि एबीवीपी और आरएसएस से संबद्ध सभी संगठन देशभक्ति से प्रेरित विचारधारा के आधार पर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा, ''हम सभी एक विचारधारा के तहत काम करते हैं... यह भारत का उत्थान है। देशभक्ति हमारी प्रेरणा है।'' उन्होंने कहा कि आरएसएस स्वयंसेवकों का काम एक व्यक्ति को बेहतर मनुष्य बनाना है। भागवत ने कहा कि यशवंतराव केलकर उनके और सभी स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## आईसीयू के लिए न्यूनतम मानकों को लागू करने के संबंध एक कार्ययोजना तैयार की जाए: न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाइयों) के लिए न्यूनतम मानकों को लागू करने के संबंध में एक वास्तविक और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करें। शीर्ष अदालत को बताया गया कि गहन चिकित्सा सेवा की आपूर्ति करने वाले और संगठनों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं, इनपर सहमति बन गई है। ये व्यावहारिक, कार्यान्वयन योग्य तथा आईसीयू के लिए न्यूनतम मानकों के रूप में आवश्यक हैं। न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमीनुल्ला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि इन दिशानिर्देशों की प्रतियां सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजी जानी चाहिए। पीठ ने 20 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख अतिरिक्त मुख्य सचिव/सचिव सभी संबंधित विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं ताकि दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के लिए एक कार्ययोजना तैयार की जा सके। यह योजना वास्तविक और व्यावहारिक होनी चाहिए। शीर्ष अदालत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान, सुझाव दिया गया कि भविष्य की ज़रूरतों को देखते हुए, नर्सिंग स्टाफ को विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, क्योंकि वे मरीज़ के साथ 24 घंटे रहते हैं, जबकि चिकित्सक समय-समय पर ही आते हैं।

## भारतीय सेना, बीआरओ और ईस्टर्न कमांड के संयुक्त प्रयास से 'ऑपरेशन हिमसेतु' सफल

### सिक्किम में फंसे पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय सेना ने ईस्टर्न कमांड और त्रिशक्ति कोर (33 कोर) के नेतृत्व में बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) तथा स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर नॉर्थ सिक्किम में फंसे पर्यटकों को 'ऑपरेशन हिमसेतु' के तहत सुरक्षित बाहर निकाला। यह अभियान तब शुरू किया गया जब भूस्खलन के कारण तारामचू के आगे सड़क का एक अहम हिस्सा टूट गया, जिससे चट्टेन का मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और सैकड़ों पर्यटक वहां फंस गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए त्रिशक्ति सैपर्स ने तुरंत मोर्चा संभाला और राहत कार्य शुरू किया। इंजीनियरों ने क्षतिग्रस्त मार्ग पर तेजी से एक अस्थायी पैदल पुल का निर्माण किया, जिससे खराब मौसम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद लोगों को सुरक्षित निकाला जा सका। साथ ही, डोंक्याला पास पर जमी भारी बर्फ को हटाकर रास्ता सुचारु रखा गया। बेहतर समन्वय और सुनियोजित प्रयासों के चलते कुल 1,170 पर्यटकों और 70 मोटरसाइकिलों को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित बाहर निकाला गया। भारतीय सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि 'ऑपरेशन हिमसेतु' सेना के 'सेवा पहले' के सिद्धांत का प्रतीक है और कठिन परिस्थितियों में भी सेना हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद शुरुआती चार दिन में 1.24 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए



**देहरादून :** उत्तराखंड के केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद शुरुआती चार दिन में 1.24 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं, जो 2026 की यात्रा के लिए अच्छी शुरुआत मानी जा रही है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिला सूचना कार्यालय के अनुसार 22 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद से अब तक कुल 1,24,782 श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। शनिवार को शाम पांच बजे तक 31,160 श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, जिनमें 21,035 पुरुष और 9,993 महिलाएं थीं। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के तहत यात्रा सुचारु रूप से जारी है। मिश्रा ने बताया कि हेलीपैड और पैदल मार्ग पर प्रशासन व पुलिस के जवान तैनात हैं, ताकि यातायात और भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

### गरज के साथ बारिश और तेज हवा चलने की संभावना, मैदानी इलाकों में उच्च तापमान बना रहेगा

**देहरादून :** उत्तराखंड के चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में छिटपुट स्थानों पर गरज, बिजली और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं की चेतावनी जारी की गयी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तराखंड के विशेष रूप से 4400 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में छिटपुट स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की बारिश, गरज या बर्फबारी का अनुमान है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने शाम के बुलेटिन में बताया कि राज्य के मैदानी इलाकों में शुष्क मौसम रहने का अनुमान है।

## आप ने भाजपा में शामिल होने वाले अपने सांसदों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी




**नयी दिल्ली/चंडीगढ़ :** आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को कहा कि वह पार्टी छोड़ने वाले अपने सांसदों को राज्यसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित करने की मांग करेगी। वहीं, पार्टी छोड़ने वाले सांसदों ने पलटवार करते हुए 'आप' पर भ्रष्टाचार और विचारध-ारा से भटकने का आरोप लगाया। इन सात सांसदों ने कहा कि उन्होंने डर की वजह से नहीं, बल्कि पार्टी के नेतृत्व से बढ़ती निराशा, दूरी और नाराजगी के कारण पार्टी छोड़ी है। 'आप' के सूत्रों के अनुसार, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्यसभा सदस्यों के मुद्दे पर पार्टी विधायकों के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए शनिवार को समय मांगा है। आप के सात में से छह राज्यसभा सदस्य पंजाब से हैं। दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन करते हुए 'आप' के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि पार्टी राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर इन सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग करेगी। उन्होंने कहा, दलबदल विरोधी कानून के अनुसार राज्यसभा और लोकसभा में किसी तरह का अलग गुट मान्य नहीं होता, चाहे उसमें दो-तिहाई सदस्य ही क्यों न हों। उन्होंने यह भी कहा कि इन सात सांसदों का भाजपा में जाना पूरी तरह असंवैधानिक और गैरकानूनी है। 'आप' से अलग होने वाले समूह का नेतृत्व कर रहे राघव चड्ढा ने कहा कि सांसद डर की वजह से नहीं, बल्कि पार्टी नेतृत्व से बढ़ती निराशा, दूरी और नाराजगी के कारण जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत से पार्टी बनाने वाला हर सच्चा देशभक्त या तो पहले ही जा चुका है या जाने की तैयारी में है।

## सिंधिया ने मध्यप्रदेश में अदाणी के 2,500 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण संयंत्र की घोषणा की

**गुना (मप्र):** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के कोलारस में अदाणी समूह 2,500 करोड़ रुपये की लागत से रक्षा उपकरण विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगा। संचार मंत्री सिंधिया ने शिव-पुरी-कोलारस क्षेत्र के दौरे के दौरान कहा कि इस संयंत्र से लगभग 2,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र यहां से करीब 70 किलोमीटर दूर कोलारस के पास कोटा हाईवे और मुंबई-ग्वालियर हाईवे के जंक्शन पर अगले दो महीनों में स्थापित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही औद्योगिक विकास की



मांग पूरी होगी। सिंधिया ने कहा कि इस इकाई में निर्मित रक्षा उपकरण देश की सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत करने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा, 'कृषि और टमाटर उत्पादन के लिए प्रसिद्ध कोलारस अब देश की रक्षा शक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरेगा।'

## वित्त मंत्री ने वित्तीय क्षेत्र से साइबर सुरक्षा पर अत्यंत सतर्कता बरतने को कहा

**मुंबई:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय क्षेत्र में विनियमित संस्थाओं से साइबर सुरक्षा जोखिमों के प्रति अत्यंत सतर्क रहने का आग्रह किया। अग्रणी एआई कंपनी एन्थ्रोपिक के नए मंच 'माइथोस' का नाम लिए बिना सीतारमण ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) उपकरण साइबर हमलों को अधिक तेज बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे उपकरण प्रणाली की कमजोरियों की स्वचालित ढंग से खोज कर सकते हैं और दुर्भावनापूर्ण सोर्स-कोड हस्तक्षेप जैसे तरीके अपनाकर पहचान से भी बच सकते हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह में सीतारमण ने कहा कि किसी भी शेयर बाजार या अभिरक्षक संस्था (डिपॉजिटरी) पर एक भी साइबर हमला आर्थिक गतिविधियों को बाधित कर सकता है और आम लोगों के विश्वास को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित नए और उन्नत उपकरणों के आने से स्वचालित साइबर हमलों का खतरा बढ़ा है, जिससे साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। सीतारमण ने कहा, केवल सेबी ही नहीं, बल्कि सभी विनियमित संस्थाओं को अत्यंत सतर्क रहना होगा। हमले के तरीके तेजी से विकसित हो रहे हैं और




बचाव के साधनों को उससे भी अधिक तेजी से विकसित करना होगा। वित्त मंत्री ने सेबी से आग्रह किया कि वह वैश्विक नियामक संस्थाओं के साथ नियमित परामर्श की एक व्यवस्था को संस्थागत रूप दे, साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय नियमन को अन्य देशों की नकल नहीं करनी चाहिए। विदेशी पूंजी प्रवाह को लेकर बनी असहजता के बीच उन्होंने कहा कि नियामकों के बीच इस तरह का संवाद वैश्विक निवेशकों में भरोसा बढ़ा सकता है। सीतारमण ने वित्तीय प्रणाली से सभी कार्यों के लिए साझा 'अपने ग्राहक को जानिए' व्यवस्था की ओर बढ़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''यह सभी हितधारकों की साझा जिम्मेदारी है कि किसी भी नागरिक को कई वित्तीय उत्पादों और मंचों पर एक ही सत्यापन प्रक्रिया को बार-बार न दोहराना पड़े।' वित्त मंत्री ने अत्यधिक विस्तृत नियम पुस्तिकाओं के बजाय सिद्धांत-आधारित नियम बनाने के लिए सार्वजनिक परामर्श आधारित नजरिये की वकालत की। उन्होंने कहा कि अपंजीकृत 'फिनइन्फ्लुएंसर्स' (वित्तीय मामलों में आम लोगों को प्रभावित करने वाले व्यक्ति) के खिलाफ सेबी की हालिया कार्रवाई को बिना लाइसेंस वाली वित्तीय सलाह पर नकेल कसने की नियामक की गंभीरता के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक में प्रगति के साथ सोशल मीडिया पर फर्जी निवेश वीडियो और ऐप की बाढ़ आ गई है, जिनमें से कई 'डीपफेक एआई' का उपयोग कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि निवेशक सुरक्षा को एक 'रक्षात्मक कार्य से विकासात्मक कार्य' में बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने नगर निगम बांड को धन जुटाने के लिए एक अधिक प्रभावी मंच बनाने के लिए गंभीर प्रयास करने पर भी जोर दिया।

## आदित्य बिड़ला समूह गुरुग्राम में इटैलियन रेस्तरां 'सिनसिन' शुरू करेगा

**नयी दिल्ली:** आदित्य बिड़ला समूह की आतिथ्य इकाई आदित्य बिड़ला न्यू एज हॉस्पिटैलिटी अपने विस्तार के तहत इटैलियन रेस्तरां 'सिनसिन' को गुरुग्राम में शुरू करेगी। 'सिनसिन' की शुरुआत पहले मुंबई में की गई थी। आदित्य बिड़ला न्यू एज हॉस्पिटैलिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) उदय पिन्नाली ने कहा, सिनसिन हमारे पोर्टफोलियो के सबसे पसंदीदा ब्रांडों में से एक रहा है, जो युवा ऊर्जा, सामाजिक माहौल और मजबूत व्यंजन परंपरा से जुड़ा है। यह पारंपरिक ढांचे से आगे बढ़कर सांस्कृतिक रूप से जुड़े भोजन स्थलों के निर्माण की हमारी सोच को दर्शाता है।

## एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड ने अब तक का सबसे अधिक समेकित वार्षिक कर-पश्चात लाभ दर्ज किया

**कोलकाता :** एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने अपने उच्चतम समेकित वार्षिक कर पश्चात लाभ की सूचना दी, जो 3,003 करोड़ रुपये (क्यू3एफवाई26 में श्रम कोड के प्रभाव से पहले) है, जो एफवाई26 के लिए 14 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है। कंपनी ने क्यू4एफवाई26 में भी मजबूत प्रदर्शन के साथ 807 करोड़ रुपये का पीएटी दर्ज किया, जो साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्तीय नतीजों पर टिप्पणी करते हुए, एलटीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, सुदीप्त रॉय ने कहा, क्यू26 हमारे लिए एक अच्छा साल रहा है, भले ही साल के शुरुआती महीनों में हमारे माइक्रोफाइनेंस बिज़नेस में काफी रुकावटें आईं और साल का अंत भू-राजनीतिक तनावों के साथ हुआ। पूरे साल के दौरान, हम अपने दृष्टिकोण पर अडिग रहे-क्रेडिट और रिस्क एडमिनिस्ट्रेशन फ्रेमवर्क को सख्त किया, कलेक्शन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया, अपने एआई-आधारित टेक्नोलॉजी बदलाव को तेज किया और अपनी सभी बिज़नेस लाइनों में लगातार ग्रोथ पर ध्यान दिया।

## सरकार ने स्टार्टअप के लिए 'फंड ऑफ फंड्स' योजना के दूसरे चरण के दिशानिर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली:** सरकार ने शनिवार को स्टार्टअप के लिए 10,000 करोड़ रुपये की 'फंड ऑफ फंड्स' (एफओएफ) योजना के दूसरे चरण को लागू करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इन दिशानिर्देशों में फंड जारी करने और निगरानी की व्यवस्था शामिल है, जिनका मकसद भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में पूंजी प्रवाह की दक्षता में सुधार करना है। इस योजना को सेबी के साथ पंजीकृत श्रेणी-1 और श्रेणी-2 के वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के माध्यम से लागू किया जाएगा, जो डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में निवेश करेंगे। मंत्रालय ने कहा, ''इससे अनुशासित पूंजी आवंटन, निजी निवेश को बढ़ावा मिलने और विभिन्न क्षेत्रों, चरणों एवं भौगोलिक क्षेत्रों में वित्तपोषण तक व्यापक पहुंच सुनिश्चित होने की उम्मीद है।'' भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) प्रारंभिक कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।

## एक्सिस बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 1.9 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई:** एक्सिस बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.89 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7,631.72 करोड़ रुपये हो गया। एकल आधार पर देश के तीसरे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक का शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च तिमाही में 7,071.31 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 7,117.50 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 19 प्रतिशत ऋण वृद्धि के बल पर पांच प्रतिशत बढ़कर 14,457 करोड़ रुपये हो गई, हालांकि शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.35 प्रतिशत घटकर 3.62 प्रतिशत रहा। बैंक ने पश्चिम एशिया संघर्ष के संभावित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए मानक परिसंपत्तियों पर 2,001 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। एक्सिस बैंक के मुख्य वित्तीय अधिकारी पुनीत शर्मा ने कहा कि यह सिर्फ एहतियात के तौर पर किया गया है और इसका मतलब यह नहीं है कि बैंक की संपत्तियों की गुणवत्ता खराब हुई है।

## भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में स्टार्टअप ने पेश किए नए समाधान

**जयपुर:** जयपुर में आयोजित भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में शनिवार को स्टार्टअप ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा, बैंकिंग, वित्त और परिवहन क्षेत्रों में नए समाधान पेश किए। कार्यक्रम में 20 से अधिक स्टार्टअप ने निवेशकों के सामने अपने नवाचार के बारे में बताया। कार्यक्रम में बैंकिंग और वित्त से जुड़े स्टार्टअप ने फिनटेक मंच, डिजिटल भुगतान समाधान, ब्लॉकचेन-आधारित सुरक्षा प्रणालियों और सूक्ष्म वित्त मॉडल पर ध्यान आकर्षित किया। इनका मकसद दक्षता को और अधिक बढ़ाना है। परिवहन क्षेत्र पर केंद्रित स्टार्टअप ने विद्युत गतिशीलता, कृत्रिम मेधा आधारित यातायात प्रबंधन और हरित परिवहन में नवाचार के बारे में बताया, जिन्हें भविष्य-उन्मुख शहरी ढांचे के लिए अहम माना जा रहा है। भारत वेंचर शिखर सम्मेलन के दौरान फेडरेशन ऑफ यूनिकॉर्न इनोवेटिव स्टार्टअप्स एंड इंडस्ट्रीज (एफयूआईएसआई) के पदाधिकारियों का स्थापना समारोह भी हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पोद्दार समूह और एफयूआईएसआई के चेयरमैन आनंद पोद्दार ने कहा कि संस्था का लक्ष्य 10,000 स्टार्टअप को सलाह, अनुदान और ज्ञान-साझाकरण पहलों के माध्यम से सहयोग देना है।

## मुख्यमंत्री साय से जापानी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात, निवेश व तकनीकी सहयोग पर चर्चा

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शनिवार को जापान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार के अवसरों पर चर्चा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में हुई इस बैठक में साय ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए राज्य में निवेश की संभावनाओं और औद्योगिक विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने अपने जापान प्रवास का उल्लेख करते हुए कहा कि उद्योगोन्मुखी और निवेश प्रोत्साहनकारी नीतियों के कारण



छत्तीसगढ़ वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जापान की उन्नत तकनीकी विशेषज्ञता राज्य के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। साय ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के निवेश और सहयोग से प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि जापान के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में निवेश के लिए अनुकूल और पारदर्शी वातावरण बना है, जिससे उद्योग विस्तार की बेहतर संभावनाएं उभरी हैं। उन्होंने (जापानी प्रतिनिधिमंडल ने) प्रदेश में निवेश बढ़ाने की इच्छा भी जताई। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, एफएसएनएल के निदेशक युकीहिरो मोमोसे, कोनोइके ट्रांसपोर्ट के कार्यकारी अधिकारी तोशिहिरो फुजिवारा, एफएसएनएल के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार दीक्षित और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के डी दीवान मौजूद थे।

समाज्ञा | स्पोर्ट्स

## वंशिका और चिराग ने 10 मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्वर्ण जीता, भारत तालिका में शीर्ष पर कायम

**काहिरा:** वंशिका चौधरी और चिराग शर्मा ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा जीत ली जिससे भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या पांच हो गई। अभी एक दिन के मुकाबले और बाकी हैं, लेकिन भारत पांच स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। वंशिका और चिराग की जोड़ी ने 484.3 का स्कोर किया और व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट के तौर पर प्रतिनिधित्व कर रहे अलीकसांद्रा पियात्रोवा और मिकिता दौबाश (467.6) को पीछे छोड़ दिया। मोहिनी सिंह और हिमांशु राणा की दूसरी भारतीय जोड़ी ने 407.4 का स्कोर किया और चार टीमों के फाइनल में कांस्य पदक जीता। वंशिका और चिराग ने शनिवार सुबह 582 का स्कोर किया था और 14 टीमों के क्वालीफायर में शीर्ष पर रहे



थे, जबकि मोहिनी और हिमांशु 568 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। वंशिका के लिए यह टूर्नामेंट में दूसरा स्वर्ण पदक था। इससे पहले उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के व्यक्तिगत मुकाबले का खिताब जीता था। चिराग के लिए भी यह दूसरा पदक था, जिन्होंने इससे पहले जूनियर पुरुषों की एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता था। इसी दिन ट्रैप पुरुषों और महिलाओं के मुकाबले भी खत्म हुए जिसमें जुहैर खान फाइनल में सातवें जबकि भव्य त्रिपाठी फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं।

## सूर्यवंशी का शतक बेकार, हैदराबाद ने राजस्थान को पांच विकेट से हराया

**जयपुर :** 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के तूफानी शतक पर ईशान किशन और अभिषेक शर्मा की दमदार पारियां भारी पड़ीं, जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को आईपीएल मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट पर 228 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सूर्यवंशी ने केवल 37 गेंद में 103 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें पांच चौके और 12 छक्के शामिल रहे। उन्होंने 36 गेंद में शतक पूरा कर आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक जड़ा। ध्रुव जुरेल ने 51 रन बनाकर उनका अच्छा साथ निभाया। दोनों ने दूसरे



विकेट के लिए 112 रन जोड़े। डोनोवन फरेरा ने भी 16 गेंद में 33 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद ने 18.3 ओवर में पांच



विकेट पर 229 रन बनाकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने 31 गेंद में 74 रन की आक्रामक पारी खेली, जिसमें 11 चौके और तीन छक्के शामिल थे। अभिषेक शर्मा ने 29 गेंद में 57 रन बनाए। दोनों ने शुरुआती ओवरों में राजस्थान के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। इसके बाद नीतिश कुमार रेड्डी ने 36 और हेनरिक क्लासेन ने 29 रन जोड़कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंतिम क्षणों में सलील अरोड़ा ने छक्का लगाकर जीत सुनिश्चित की। राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट लिए। इस जीत के साथ सनराइजर्स हैदराबाद आठ मैचों में 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि राजस्थान रॉयल्स इतने ही अंकों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गई।

## भारत की खेल महत्वाकांक्षाएं कागज पर नहीं, बल्कि जमीन पर काम करके पूरी होनी चाहिए: मांडविया




**श्रीनगर:** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि देश को एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने का 10 साल का रोडमैप उसे जमीन पर काम करके ही पूरा किया जाना चाहिए। मांडविया ने देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवा मामले और खेल मंत्रियों के 'चिंतन शिविर' की अध्यक्षता की। पंद्रह से ज्यादा राज्यों के खेल मंत्रियों के साथ-साथ आदिल सुमारिवाला, अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग जैसी जानी-मानी खेल हस्तियों ने भी इस चिंतन शिविर में हिस्सा लिया और संबंधित पक्षों के साथ अपने विचार साझा किए। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मांडविया ने कहा, 'एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनने का हमारा 10 साल का रोडमैप सिर्फ कागजों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे हर खेल के मैदान, हर जिले और हर युवा के सपने में साकार होना चाहिए।' मांडविया ने राज्यों से नीतियों को अपनाने से आगे बढ़कर उन्हें सक्रिय रूप से लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि असली प्रगति जिलों, ट्रेनिंग प्रणालियों और जमीनी स्तर के खेल तंत्र में दिखने वाले परिणामों के आधार पर की जाएगी। उन्होंने कहा, 'खेलो भारत मिशन महज एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह हमारे युवाओं की ऊर्जा और राष्ट्र की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।'

## ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का निधन



**चंडीगढ़:** ओलंपिक हॉकी पदक विजेता गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का यहां जीरकपुर में शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। गुरबख्श 1968 के मैक्सिको सिटी ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने अपने भाई बलबीर सिंह ग्रेवाल के साथ एक ही ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस तरह से वे उन कुछ भाईयों की जोड़ी में शामिल हैं जो एक साथ ओलंपिक में खेले। गुरबख्श ने अपने खेल करियर के अलावा पश्चिमी रेलवे में खेल अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्होंने राजस्थान की कई प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें रेलवे हॉकी टीम में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुंबई में सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद वह खेल प्रशासन में सक्रिय रहे। वह मुंबई हॉकी संघ के मानद सचिव भी रहे।

### मौजूदा चैंपियन अल्काराज़ कलाई की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे

**मैड्रिड:** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरी नहीं कर पाएंगे क्योंकि वह दाहिनी कलाई में चोट के कारण वर्ष की इस दूसरी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता से हट गए हैं। अल्काराज़ ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया कि वह रोम में होने वाले इटालियन ओपन में भी भाग नहीं लेंगे, जहां उन्होंने पिछले साल जीत हासिल की थी। स्पेन का यह खिलाड़ी इस महीने बार्सिलोना ओपन में अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के दौरान चोटिल हो गए था और अगले दिन टूर्नामेंट से हट गए था। उन्होंने इस सप्ताह के मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जब सोमवार को मैड्रिड में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स समारोह में हिस्सा लिया तो उनकी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्हें इस समारोह में विश्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

### कोठारी मुश्किल मुकाबले में जीते, आडवाणी ने शानदार शुरुआत की

**कारलो (आयरलैंड):** मौजूदा चैंपियन सौरव कोठारी को आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के अपने पहले मैच में ह्वांग चुलहो को हराने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस भारतीय दिग्गज ने दक्षिण कोरिया के चुलहो को 305-238 से हराया। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन कोठारी ने 111 अंकों का एक अहम ब्रेक लगाकर कोरियाई खिलाड़ी को मात दी। 41 वर्षीय कोठारी अगले मैच में फ्रांस के अखिलेश मोहन से भिड़ेंगे। पहले दिन ज्यादातर अन्य भारतीय खिलाड़ियों को किसी भी तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ा। पूर्व चैंपियन पंकज आडवाणी की माइकल क्रूक पर 1003-54 की एकतरफा जीत दिन का मुख्य आकर्षण रही। बेंगलुरु के 40 वर्षीय आडवाणी ने लगातार कई बड़े ब्रेक लगाकर अपने प्रतिद्वंद्वी को पूरी तरह पस्त कर दिया। अपना पहला विश्व खिताब जीतने की तलाश में जुटे ध्रुव सितवाला ने ग्रुप सी के एक मैच में ऑस्ट्रिया के कार्ल-वाल्टर स्टेनर पर 645-115 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। अनुभवी खिलाड़ी आलोक कुमार ने आयरलैंड के ओंगस मैकएनाली पर 502-202 की एकतरफा जीत दर्ज की।

## राहुल का शतक बेकार, पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा कर दिल्ली कैपिटल्स को हराया

**नयी दिल्ली:** लोकेश राहुल की विस्फोटक नाबाद 152 रन की पारी पर पानी फेरते हुए पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के हाईस्कोरिंग मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हरा दिया। पंजाब ने 265 रन का विशाल लक्ष्य 18.5 ओवर में हासिल कर आईपीएल इतिहास में सबसे बड़े सफल रनचेज का नया रिकॉर्ड बनाया।दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 264 रन बनाए। राहुल ने 67 गेंदों में 16 चौके और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 152 रन ठोके। यह आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। उनके साथ नीतीश राणा ने भी 44 गेंदों पर 91 रन की धुआंधार पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 220 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।राहुल ने शुरुआत में संभलकर खेला, लेकिन बाद में पंजाब के गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी हो गए। उन्होंने 47 गेंदों में शतक पूरा किया, जो आईपीएल में उनका सबसे तेज शतक है। राणा ने भी चौकों-छक्कों की बरसात करते हुए




पंजाब की गेंदबाजी को बेअसर कर दिया।हालांकि इतने बड़े लक्ष्य के बावजूद पंजाब किंग्स ने धमाकेदार अंदाज में पीछा किया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने सिर्फ 26 गेंदों में 76 रन बनाकर दिल्ली के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। उन्होंने नौ चौके और पांच छक्के लगाए। प्रभसिमरन ने प्रियांश आर्य के साथ पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़कर जीत की नींव रखी। इसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने मोर्चा संभाला और 36 गेंदों पर नाबाद 71 रन बनाए। उन्होंने तीन चौके और सात छक्के जड़े। नेहाल वढेरा ने 25 और शशांक सिंह ने 19 रन बनाकर उनका अच्छा साथ निभाया। अय्यर ने संयम और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए पंजाब को सात गेंद शेष रहते जीत दिला दी।दिल्ली की हार में खराब क्षेत्ररक्षण भी बड़ा कारण रहा। करुण नायर ने अय्यर के दो आसान कैच छोड़े, जिसका पंजाब ने पूरा फायदा उठाया। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने सात मैचों में छठी जीत दर्ज कर अंकतालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली, जबकि दिल्ली कैपिटल्स को सात मैचों में चौथी हार झेलनी पड़ी। राहुल की ऐतिहासिक पारी के बावजूद दिल्ली के हाथ निराशा लगी।

## केकेआर और एलएसजी के बीच मैच में रहाणे और पंत की कप्तानी की होगी परीक्षा

**लखनऊ:** इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाला मुकाबला दोनों टीमों के लिए करो या मरो जैसा होगा। इस मैच में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के साथ-साथ कप्तान अजिंक्य रहाणे और ऋषभ पंत की कप्तानी भी परीक्षा के दौर से गुजरती नजर आएगी।कोलकाता नाइट राइडर्स का इस सत्र में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। टीम को पहली जीत दर्ज करने में सात मैच लग गए। वह जीत भी सामूहिक प्रदर्शन के बजाय रिंकू सिंह की शानदार पारी की बदौलत मिली। रहाणे ने कुछ मुकाबलों में रन बनाए हैं, लेकिन टी20 प्रारूप के अनुरूप तेजी से रन नहीं बना सके। ऐसे में उनकी कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों सवालों के घेरे में हैं।केकेआर की तेज गेंदबाजी कमजोर रही है, जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी अब तक प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं। टीम सही संयोजन तलाशने में भी नाकाम रही है। रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ी को अब तक मौका नहीं मिला, जबकि विदेशी खिलाड़ियों में लगातार बदलाव से रणनीति पर सवाल उठ रहे हैं।दूसरी ओर एलएसजी की हालत भी ज्यादा बेहतर नहीं है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम ने अब तक सिर्फ दो मैच जीते हैं। लगातार हार के कारण टीम पर शुरुआती दौर में बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। पंत खुद भी बल्ले से संघर्ष कर रहे हैं।

## जूनियर नेशनल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बने कई रिकॉर्ड

**तुमकुर (कर्नाटक):** राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को यहां तीन राष्ट्रीय जूनियर रिकॉर्ड बने। इस दिन कई एथलीटों ने नई ऊंचाइयां हासिल कीं और इसी दिन सेना के एशियाई जूनियर रजत पदक विजेता नितिन गुप्ता ने पुरुषों की अंडर-20 5,000 मीटर पैदल चाल में एक नया मानक स्थापित किया। गुप्ता जूनियर पुरुषों की 5,000 मीटर पैदल चाल में 19 मिनट की बाधा को तोड़ने वाले पहले भारतीय रेस वॉकर बन गए। स्वर्ण पदक जीतने के दौरान उन्होंने 18:54.37 का समय निकाला जो पिछले साल पटना में बनाए गए उनके अपने जूनियर रिकॉर्ड 19:24.48 से बेहतर था। शनिवार को उनका प्रदर्शन एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के मीट रिकॉर्ड से भी बेहतर था। उत्तर प्रदेश के लंबी कूद के एथलीट शाहनवाज खान ने भी रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया, जबकि केरल के प्रतिभाशाली स्प्रिंटर मोहम्मद अशफाक ने पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में नेशनल जूनियर रिकॉर्ड तोड़कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

वर्ष 11, पूर्णांक 3574 अंक 040 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in